हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 25.8 डिग्री
न्यूनतम 20.4 डिग्री

12 भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा : शेखावत


14 दल्ली राजहरा में 12 से 14 अक्टूबर तक सीटू का आठवां राज्य सम्मेलन




## खबर संक्षेप

### आनंद विहार में फांसी लगा युवक ने दी जान
**भिलाई।** युवक ने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आनंद विहार फेस 1 फ्लैट नंबर 204 निवासी प्रांत पिल्लै ने रविवार को कमरे में फांसी लगा ली। मृतक प्रशांत फ्लैट में अकेले रहता था। पत्नी करीब डेढ़ साल से जबलपुर में अलग रह रही है। जब पड़ोसियों को कमरे से हलचल नहीं दिखने पर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीतर प्रवेश करने पर सामने प्रशांत फांसी पर झूलते देखा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मरचूरी भेजा है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### पार्षद के साले पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर
**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते पार्षद के साले पर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जागृति चौक में सोमवार देर शाम पार्षद अजीत वैद्य के साले आशीष गेडाम पर जांघ व गुप्तांक में चाकू से हमला कर फरार हो गया है। घटना में आशीष गंभीर रुप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद से इलाके में अफरा तफरी मच गई है। सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### धारदार चाकू लहराकर डराने वाला पकड़ाया
**भिलाई।** चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नया पारा नदी रोड मोड़ के आगे युवक वार्ड 3 मठपारा दुर्ग निवासी हेमंत उर्फ हेमू सारथी को पुलिस ने पकड़ा। युवक के पास से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गैंती से हमला कर हत्या आरोपी को उम्र कैद
**दुर्ग।** आपसी रंजिश के कारण गैती से हमला कर शांतिनगर वैशालीनगर निवासी शब्बीर अहमद को मौत के घाट उतारने वाले को कोर्ट ने आजीवन कारावास और 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी पड़ेगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 25 मई 2021 को दोपहर करीब दो बजे की है। आरोपी राहुल उर्फ नितिन चौबे मृतक से मिलने पहुंचे। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी ने गैती से मृतक के सिर पर हमला कर दिया। मौके पर ही शब्बीर की मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार यादव ने की।

### आज हल्की से मध्यम बारिश के आसार
**दुर्ग।** सोमवार को जिले में बारिश नहीं के बराबर हुई। इस वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम पारा 20.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.3 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में जिले में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है। जिले में 1 जून से अब तक 708.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो कि औसत बारिश 743.6 मिलीमीटर से कम है। इस प्रकार अब तक 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक जिले में अब भी अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। हफ्ते भर के अंदर कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय होने जा रहा है।

### जिले में तेजी से बढ़ रहा अपराध का ग्राफ, नशाखोरी के कारण बढ़ी घटनाएं
# पांच दिन में 5 हत्याएं, नंदिनी में सगाई से एक दिन पहले युवक को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई

**बिहार ढाबा के संचालक ने घटना को दिया अंजाम**



मृतक जासीम



शहर में पांच दिनों पांच हत्या का मामला सामने आया है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है। लगातार आपराधिक घटनाएं सामने आ रही है। सोमवार को अंजोरा पुलिस चौकी और नंदिनी में हत्या का मामला सामने आया।

नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि अहिवारा निवासी मोहम्मद जसीम भवन मटेरियल सप्लायर का काम करता था। आरोपी बिहार ढाबा नंदिनी के संचालक आसुतोष कुमार उपाध्याय पीड़ित से 80 हजार रुपए का भवन मटेरियल का सामान उधारी लिया था। रकम लेने के लिए मोहम्मद जासीम, संदेश गुप्ता और दो अन्य लोगों के साथ रविवार को बिहार ढाबा पहुंचा। जहां आरोपी आशुतोष से रकम लौटाने के लिए विवाद हुआ। आरोपी ने अपने पास रखे धारदार चाकू से चारों पर वार किया। चाकू देख दो युवक अपनी जान बचाकर भाग निकले। मो. जासीम और संदेश आरोपी के चपेट में आने से दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में जासीम को पेट, सीने में चोट आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके भाई ने तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रायपुर के निजी अस्पताल में जासीम ने दम तोड़ दिया। वहीं उसका दोस्त संदेश के शहरी पर भी गंभीर चोट आई है। उपचार जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी आशुतोष को रविवार रात ही पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी आशुतोष ने बताया कि उधारी रकम मांगने आया था। विवाद के बाद घटना करना स्वीकार किया।

### दो दिन बाद 26 अगस्त को थी सगाई
परिजनों के मुताबिक मोहम्मद जासीम की शादी नहीं हुई थी। 26 अगस्त को उसकी सगाई होने वाली थी। दो दिन पहले ही जासीम की हत्या हो गई। मृतक कक्षा दसवीं से ही बिजनेस पर ध्यान था। इस कारण स्वयं के रुपए लगाकर वाहन और भवन मटेरियल सप्लायर का काम करता था। मौत के बाद लोगों का कहना है कि किसी के साथ कभी उंचे आवाज में मृतक बात तक नहीं करता था।

### चंगोरी में कुल्हाड़ी मारकर हत्या, तीन हिरासत में
अंजोरा चौकी क्षेत्र के ग्राम चंगोरी में ईंट भट्ठा के पास लेबर क्वार्टर में आपसी विवाद के चलते किशन साहू को कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पुलिस ने तीन संदिग्ध को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी काशी चौहान, धन साय साहू, लकेश यादव को पकड़ा है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। तीनों युवकों ने मिलकर हत्या किस कारण किया इसके बारे में कोई जानकारी पुलिस के पास अभी नहीं है। पूछताछ के बाद ही असली कारण पता चल पाएगा।

### जिले में तीन साल में हुई 147 हत्या
जिले में तीन साल में कुल 147 हत्या का मामला सामने आया है। जिसमें वर्ष 2022- 39, 2023-47 और 2024- 61 हत्या अब तक हो चुका है। लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस रोकने में सफल नहीं हो पा रही है। जितने भी हत्या जिले में हो रहे है सभी नशे की हालत में आरोपी विवाद कर अपराध को अंजाम दे रहें है। हलाकि पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चला जरुरु रही लेकिन नशे के मास्टर माइंड तक नहीं पहुंच पाई है।



### अंजोरा में युवक की हत्या कर शव को फेंका
नगपुरा पुलिस ने बताया कि तीन दिन से घर से गायब व्यक्ति की लाश अंजोरा नर्सरी में संदिग्ध हालत में मिली है। मृतक की शिनाख्त सरस्वती नगर नयापारा निवासी धनेश ठाकुर के रूप में हुई है। लाश बोरई की नर्सरी में मिली है। शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट के निशान पाए गए हैं। अंजोरा पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मृतक धनेश विवाहित है। घर से गायब होने के बाद परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी। जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत की गई। जहां धनेश की लाश मिली, उस जगह पर किसी से कोई संबंध नहीं है। पुलिस को संदेह है कि धनेश की हत्या कर उसे ठिकाने लगाने यहां लाया गया होगा।

## नेहरूनगर चौक पर युवक के पास से एमपी की 50 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ›› दुर्ग



आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार तड़के नेहरूनगर चौक पर मध्य प्रदेश से लाई गई करीब 50 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की। आबकारी विभाग की टीम ने आरोपी मनदीप सिंह भाटिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

इसके बाद पता चला कि 12 बोतल ब्लंडर स्प्राइड और 48 बोतल मैक्डावल नंबर शराब लाल स्वीफ्ट कार में रखकर लाई गई थी। बहरहाल आबकारी विभाग ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले में विवेचना जारी है। सहायक आयुक्त आबकारी सीआर साहू के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि 25 अगस्त की सुबह मुखबिर से खबर मिली की एमपी की शराब लाई गई है। इसके बाद टीम ने नेहरूनगर में घेराबंदी की। कार सीजी 08 एफ 5491 की जांच की, जिसमें उक्त शराब मिली। शराब की कीम 51,840 रुपए आंकी गई है। वहीं जब्त वाहन की कीमत 4 लाख है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।




### भिलाई-चरोदा निगम में संपत्तिकर वसूलने के लिए होगा घर-घर सर्वे
**भिलाई।** भिलाई-चरोदा के सभी 60 वार्डों में संपत्तिकर के लिए घर-घर सर्वे होगा। सोमवार को इसकी शुरुआत की गई। इसके लिए राजस्व विभाग की अलग-अलग टीम गठित की गई है। टीम घर-घर जाकर संपत्तियों का भौतिक सत्यापन करेगी। नगर निगम के अनुसार यह सर्वेक्षण निगम को प्राप्त हो रहे राजस्व में पारदर्शिता एवं वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। वर्तमान में जो कर वसूली हो रही है, वह नागरिकों द्वारा पहले दिए गए संपत्ति विवरण (स्वविवरणी) के आधार पर की जा रही है। अब संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन (रि-असेसमेंट) कर वास्तविक स्थिति के अनुसार कर निर्धारण किया जाना है। महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत के निर्देश पर यह सर्वे शुरू किया गया है। प्रत्येक दल में 5 कर्मचारी शामिल हैं, जो आगामी एक माह के भीतर वार्डों में भवन, दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का सर्वेक्षण पूर्ण करेंगे। इससे निगम को वर्तमान कर संग्रह की स्थिति स्पष्ट होगी। संभावित राजस्व वृद्धि का भी आकलन किया जा सकेगा। महापौर कोसरे ने कहा कि राजस्व डाटा की अद्यतन एवं वास्तविक जानकारी प्राप्त होने के बाद ही शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं पर ठोस निर्णय लिए जा सकेंगे। यह सर्वे आगामी कर निर्धारण के लिए आधार बनेगा। इससे निगम के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

### आवश्यक सेवाओं के लिए भारी वाहनों की दोपहर में भी एंट्री
**दुर्ग।** शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों की एंट्री के समय में आवश्यक संशोधन किया गया है। दोपहर के समय अब दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित स्थलों से भारी और मध्यम श्रेणी के वाहनों की आवाजाही को अनुमति होगी। पूर्व में यह अनुमति दोपहर डेढ़ बजे से शाम साढ़े 4 बजे के मध्य थी। त्योहारी सीजन को ध्यान रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक दुर्ग शहर के पुलगांव चौक से पोटिया रोड, पुलगांव चौक से गंजपारा की ओर, गुरूद्वारा चौक से बटालियन रोड, धमधा नाका रेलवे ओव्हरब्रिज से ग्रीन चौक की ओर, पुष्पक नगर से कातुलबोड़ रोड, ग्राम बघेरा से गंजपारा दुर्ग की ओर, बत्तीस बंगला (वायशेप ब्रिज) से दुर्ग की ओर, ठगड़ा बांध से दुर्ग शहर की ओर तथा धनोरा बोरसी से महाराजा चौक की ओर मार्ग पर आवाजाही की अनुमति होगी। मुख्य रूप से अत्यावश्यक सेवाओं यथा आपातकालीन वाहन, दवाई, डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में खाद्य सामग्री वितरण करने वाले वाहन (कस्टम मिलिंग के वाहन), सब्जी, दूध, फल इत्यादि आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में लगे वाहनों को प्रतिबंध में छूट प्रदान की गई है। ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया गया है कि आदेश का पालन सुनिश्चित कराएं।

### मैसेज वायरल करने की धमकी देकर 4.93 लाख ऐठंने वाली गिरफ्तार



**भिलाई।** युवक के मैसेज को वायरल करने की धमकी देकर रुपए ऐठने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सेक्टर 9 भिलाई निवासी ने पुलिस में शिकायत किया है कि मकान नंबर 48 स्मृति नगर सुपेला निवासी दुर्गावती देवी सिंह उर्फ दुर्गा नामक महिला द्वारा उसे झूठे केस में फंसाने और आत्महत्या करने की धमकी दे रही थी। महिला उसे बदनाम करने वाट्स अप को दिखाकर रुपए का डिमांड किया। इस दौरान लोक लाज की डर से पीड़ित ने आरोपी महिला को 4.93 लाख रुपए ऐंठ ली। महिला की पतासाजी करने के बाद महिला को पकड़ा और रुपए लेना पता चला।






## खबर संक्षेप



### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**भिलाई।** भाजयुमो नेता शुभम सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया का कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ता भिलाई से रैली के माध्यम से रायपुर पहुंचे। मौके पर प्रकाश सिंह ,अमित सिंह, सत्यम यादव, बुजजी राव, श्याम जायसवाल, प्रकाश मिश्रा, आनन्द सिंह, अनीश अग्रवाल मौजूद थे।

### महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित



**दुर्ग।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का सप्तम प्रांतीय अधिवेशन पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागार लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल नगर विधायक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से पवन शर्मा को संघ का निर्विरोध प्रांताध्यक्ष, विजय लहरे को पुनः प्रांतीय महामंत्री बनाया गया तथा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव को कर्मचारी संघ के लिए किए गए कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में संघ के जिला सचिव शिवदयाल धृतलहरे, तकनीकी शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक गौरीशंकर रावना, शिक्षा विभाग कर्मचारी संयोजक धर्मेन्द्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में जिले के कर्मचारी प्रांतीय अधिवेशन में सम्मिलित हुये।

### गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। भारत में 23 अगस्त को मनाए जाने वाला दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 में विशेष रूप से चर्चा में है क्योंकि यह चन्द्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की दूसरी वर्षगांठ है। इस दिन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में इसरो की चन्द्रयान-3 लैण्डर की चन्द्रमा की सतह पर सफल लैडिंग की याद में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य चन्द्रयान-3 मिशन की सफलता को याद करना और युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित में कॅरियर बनाने के लिये प्रेरित करता है।भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में प्रकाश डालते हुए बताया कि 23 अगस्त 2023 को इसरो के चन्द्रयान-3 मिशन में चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की इसमें विक्रम लैण्डर और प्रज्ञान रोवर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पिछले 8 दिन से हेल्थ वर्कर हड़ताल पर, वेंटिलेटर में स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की हड़ताल लगातार 8 वें दिन भी जारी रही। सोमवार को जिला अस्पताल के सामने कर्मचारी पूरे दिन धरने पर बैठे रहे। कर्मचारियों की इस हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी हो गई है। हमर लैब में जांच ठप पड़ी है। इसके अलावा अन्य सेवाएं भी प्रभावित है। तीजा और गणेश पक्ष के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारी धरने पर पहुंचे। उन्होंने पंडाल में ही तीजा पर्व मनाने का निर्णय लिया। महिलाएं उपवास रखकर धरना स्थल पर ही शंकर-पार्वती की पूजा अर्चना करेंगी। तीजहारिन महिला कर्मियों ने मेहन्दी लगाई। तीजा भी पंडाल में मनाने का संकल्प लिया।

## एनएचएम के कर्मचारियों का प्रदर्शन लगातार जारी, आज महिलाएं मनाएंगी तीजा

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने में कर्मचारी, नहीं हो रही सुनवाई

एनएचएम के कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर हैं। शासन ने अब तक उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया है। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16,000 से अधिक कर्मचारी हैं। वे पिछले 8 दिनों से नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27% वेतनवृद्धि सहित को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। प्रतिदिन अलग-अलग तरीके से कर्मचारियों द्वारा विरोध दर्ज कराया जा रहा है। अब तीजा पर आयोजन की तैयारी है।



### शासनस्तर पर कई दौर की हो चुकी चर्चा, नहीं बनी बात

दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि आंदोलन के 8 वें दिन भी हड़ताल को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका। कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखी, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27% वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे नाराज़ कर्मचारी अब अनिश्चितकालिन हड़ताल पर हैं।

### हड़ताल की वजह से मरीजों को नहीं मिल पा रहा इलाज

हड़ताल की वजह से सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। नवजात शिशु वार्ड बंद सहित पोषण पूरक केंद्र, डीईआईसी बंद पड़े हैं। शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट,सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जांच बाधित है। स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह ठप है। रूटीन टीकाकरण बंद है। संस्थागत प्रसव सुविधा भी बंद हो गई है। टीबी, मलेरिया, कुष्ठ सहित मौसमी सर्दी खासी बुखार, टाइफाइड जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयां नहीं मिल रही हैं। स्वास्थ्य विभाग, सरकार का विभिन्न ऑनलाइन एंट्री पूरी तरह बंद है।

## 500 छात्रों की क्षमता वाले नालंदा परिसर में स्टूडेंट्स को मिलेगा अध्ययन का मौका

# 13 करोड़ में बनेगा नालंदा परिसर, ई-लाइब्रेरी हाई-टेक कंप्यूटर, वाई-फाई जोन की होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

मालवीय नगर स्थित प्रयास स्कूल के करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण शुरू हो चुका है। दो मंजिला इस इमारत में अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त ई-लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

लाइब्रेरी में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, आईटी, कानून, पत्रकारिता, संस्कृति, अनुसंधान, वाणिज्य और कला विषयों की मैनुवली और डिजिटली उपलब्ध होंगी। शासन की मंजूरी के बाद इसका काम शुरू हो चुका है। सोमवार को महापौर अल्का बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्थल का अवलोकन किया। अधिकारियों से नालंदा परिसर से जुड़ी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि परिसर के निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में ढाई करोड़ रुपए की राशि भी प्राप्त हो चुकी है। 2027 तक यह परिसर पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। महापौर ने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि परिसर के निर्माण के बाद युवाओं को अत्याधुनिक नालंदा परिसर का लाभ मिलेगा।

## दिसंबर 2027 तक काम होगा पूरा, महापौर और आयुक्त ने स्थल का किया निरीक्षण



### बनने वाले नालंदा परिसर की ये होगी खासियत, जानिए

नालंदा परिसर में सीढ़ीदार लैंडस्केपिंग, हरियाली और छायादार बैठने की जगह विकसित की जाएगी। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर 500 विद्यार्थियों की बैठक क्षमता वाली विशाल आधुनिक लाइब्रेरी होगी। दूसरे मंजिल में भी अध्ययन केंद्र होंगे। परिसर से करीब ही 5 दुकानों का निर्माण किया जाएगा, जहां जरुरत के सामान उपलब्ध होंगे। ई-लाइब्रेरी, हाई-टेक कंप्यूटर सिस्टम और वाई-फाई जोन की सुविधा दी जाएगी। दिसंबर 2027 तक इस परिसर का काम पूरा होना है। पूरे अंचल के छात्रों और शोधार्थियों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। यहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाएं युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और शोध कार्यों में भी मददगार सिद्ध होंगी।

### प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में तैयार किया जा रहा परिसर

जानकारी के मुताबिक दुर्ग सहित प्रदेश के 13 निकायों में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। दुर्ग के अलावा जिले में भिलाई में ई-लाइब्रेरी बनेगी। इसके लिए 85.42 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदेश सरकार ने प्रदान की है। दुर्ग, रायपुर, भिलाई समेत 4 निकायों में 500 और 9 निकायों में 200 लाइब्रेरी बनेगी। लाइब्रेरी को नॉलेज बेस्ड सोसाइटी यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा। नालंदा परिसर की तरह ही तक्षशिला परिसर की बनाई गई ड्राइंग डिजाइन और डीपीआर को पहले से ही तकनीकी स्वीकृति ली जा चुकी है।

### इन्क्यूबेशन सेंटर और वाणिज्यिक केंद्र के लिए होगा आदर्श

जानकारी के मुताबिक यह सेंटर इन्क्यूबेशन सेंटर और वाणिज्यिक केंद्र के लिए आदर्श होगा। हालांकि तक्षशिला का निर्माण पुस्तकालय को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, लेकिन यह स्टार्टअप के विकास के लिए एक इन्क्यूबेशन सेंटर और वाणिज्यिक केंद्र के लिए आदर्श वातावरण भी उपलब्ध कराएगा। भूतल और पहली मंजिल में पुस्तकालय पढ़ने और ई-लर्निंग स्थान होगा। पहली मंजिल को इन्क्यूबेशन सेंटर के रूप में बनाया जाएगा। दूसरी मंजिल को कॉमर्शियल फेसिलिटी के लिए किराए पर देने की योजना है। आउटडोर रीडिंग के दौरान युवा प्रकृति के सानिध्य में अध्ययन का आनंद उठा सकेंगे। यह स्टार्टअप व्यवसाय को विकसित करने में मदद करने वाले संस्थान इन्क्यूबेशन सेंटर होगा। यहां भविष्य में छात्रों को वरिष्ठ आईएएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### अन्य जिलों के भी आकर विद्यार्थी कर सकेंगे अध्ययन

नालंदा परिसर में प्रदेश के अन्य जिलों से भी विद्यार्थी आकर अध्ययन कर सकेंगे। शहर के युवाओं को शिक्षा और ज्ञान की आधुनिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि भवन अपने तरह का रोल मॉडल होगा, शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। निरीक्षण के दौरान लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कार्यपालन अभियंता आरके जैन, उप अभियंता हरिशंकर साहू तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे। अधिकारियों ने तैयार ड्राइंग-डिजाइन से भी अवगत कराया। गुणवत्ता का ध्यान रखने निर्देश दिए।



### दो मंजिला होगी इमारत

नालंदा परिसर का काम शुरू हो चुका है। ई-लाइब्रेरी यहां संचालित होगी। युवाओं के अध्ययन के लिए यह बड़ा केंद्र होगा। दिसंबर 2027 तक इसका निर्माण पूरा होना है। करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से इसे तैयार किया जा रहा है।
**-आरके जैन,** ईई नगर निगम दुर्ग

### भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा : शेखावत



**भिलाई।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से नई दिल्ली के संसद भवन में सांसद विजय बघेल एवं मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने मुलाकात की। अंकुश ने संस्कृति मंत्री को दुनिया के सबसे बड़े कृष्ण-अर्जुन रथ के मॉडल भेंट किया। इस दौरान संघ से रोशन ताम्रकार तथा छत्तीसगढ़ से अनेक युवा नेता भी मौजूद थे। मंत्री ने इस कलाकृति की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अभूतपूर्व दौर से गुजर रहा है और वे कलाकारों की हरसंभव मदद करेंगे। सांसद विजय बघेल ने समकालीन भारतीय कलाजगत के मूर्धन्य स्तंभ अंकुश देवांगन के कला की मुक्तकंठ प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अंकुश 200 मीटर ऊंचा दुनिया का सबसे बड़ा कृष्ण-अर्जुन रथ दिल्ली के आसपास बनाना चाहते हैं। यदि यह कलाकृति बनती है तो यह देश का नया पर्यटन स्थल बन सकता है। सांसद ने अंकुश द्वारा बनाए गए कलाकृति का भी जिक्र किया। संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अंकुश के निस्वार्थ कलासाधना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कलाकार न सिर्फ छत्तीसगढ़ वरन हमारे देश के भी गौरव हैं। अंकुश ने संस्कृति मंत्री से मुलाकात पर सांसद विजय बघेल के प्रति आभार जताया।

### शेड व मंच निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दो विभिन्न कार्य के लिए 30 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की है। वार्ड 33 में चण्डी मंदिर के पास डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 20 लाख एवं वार्ड 33 में मंच व आहाता निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा की जाएगी।

## विद्यार्थी करें अपने सपनों को साकार यही है नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का आधार : रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

■ विद्यार्थियों को मुहैया कराई जाएगी सुविधाएं

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी एवं सदस्य विरेन्द्र शुक्ला, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा तथा चिंरजीव जैन उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य और जागरूकता की दृष्टि से दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नीति के अन्तर्गत छात्रों को मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय तैयार है तथा उन्हें सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भाव लिए



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विषय संबंधित ज्ञान के साथ कौशल विकास, मूल्य परक तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर उन्मुख करती है। एनइपी के समन्वयक डॉ. रानी शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी करें अपने सपनों को साकार यही है नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का आधार हैं एवं एनईपी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक बताया।

राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव, वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय लांजेवार, डॉ. निधि मिश्रा, एनसीसी केयर टेकर पवनदीप कौर, फरहा परवीन सिद्दकी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन युगेश देशमुख एवं यु मेनिका वर्मा ने किया।

## सड़कों पर सरकारी लापरवाही से इंसान और पशु दोनों परेशान : आप



**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी ने शासन-प्रशासन पर सड़कों में सरकारी लापरवाही का आरोप लगाया है। आप ने कहा कि दुर्ग जिले की अधिकांश सड़कों पर मवेशियों का डेरा है। इसकी वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। इंसान और जानवर दोनों हादसे के शिकार हो रहे हैं। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि दुर्ग- भिलाई शहर में मवेशियों की यह गंभीर समस्या केवल नगर निगमो या ग्रामीण निकायों का मामला नहीं रह गई है। बल्कि यह अब जनसुरक्षा से जुड़ा बड़ा विषय बन गया है। अवारा जानवरों की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिससे दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों की सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए राज्य और एनएचएआई द्वारा उठाए गए कदम अपर्याप्त है। आसपास क्षेत्र के गांवों में बड़ी तादाद में आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा होने से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। आम आदमी पार्टी का सरकार से अनुरोध किया है कि गौठान की व्यवस्था सही करें। सड़कों पर आवारा पशु छोड़ने वाले मालिकों पर जुर्माना लगाया जाए।

## सफाई कामगारों की बैठक, नियमितीकरण और बेहतर सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति और नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन ने सफाई कामगारों के नियमितीकरण और अन्य मांगों को लेकर बैठक में चर्चा की। साहू (कर्मा) भवन सुपेला में आयोजित बैठक में सफाई कामगारों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई। नगर पालिका परिषद कुम्हारी, भिलाई-चरोदा और अन्य निकायों से आए प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया और संघर्ष के लिए सुझाव दिए।

यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्लेसमेंट एजेंसियां और ठेकेदार लगातार सफाई कामगारों की सुविधाओं में कटौती कर रहे हैं। उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से



प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके अलावा, पीएफ और ईएसआई जमा नहीं होने, वेतन में कटौती और सुरक्षा उपकरणों की कमी जैसी गंभीर समस्याएं भी रखी गई। बैठक में यूनियन की आंतरिक कमियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में तय किया गया कि कामगारों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज और जानकारी एकत्र कर उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करने की संभावना तलाशी जाएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें इन समस्याओं से अवगत कराया जाएगा और मांगों को पूरा कराने के लिए दबाव बनाया जाएगा। आवश्यक होने पर आंदोलन करने का भी निर्णय लिया है। प्रमुख मांगों को तुरंत पूरा करने का आग्रह किया है जिनमें सभी ठेका, संविदा और दैनिक वेतन भोगी सफाई कामगारों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, सफाई कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण किया जाए, ताकि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पर्याप्त मजदूरी मिल सके आदि मांगें शामिल हैं। बैंठक में लुर्द मेरी, मोतम, पुष्पा, रूखमनी, सुखवंतीन, महेश्वर, डिलेश्वर, नेमन, पंचराम, लक्ष्मण, निरा, महेश आदि मौजूद थे।

## डिप्टी कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

# कुथरेल की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

■ जनदर्शन में मिले 70 आवेदन

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 70 आवेदन प्राप्त हुए।

### हॉकर लाइसेंस के लिए आवेदन

भिलाई निवासी ने गुमटी संचालन हेतु हाकर लाइसेंस प्रदान करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिस स्थान पर वह गुमटी लगाना चाहती हैं, वह भिलाई इस्पात संयंत्र के संपदा विभाग के अधीन आता है। गुमटी संचालन के लिए हाकर लाइसेंस प्रदान होने पर उनके परिवार को आजीविका का स्थायी साधन मिल सकेगा। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### पेंशन के लिए आवेदन

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिवारा से सेवानिवृत्त पश्चात पेंशन निर्धारण करवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा में फार्मासिस्ट ग्रेड-2 पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात अब तक उन्हें न तो पेंशन मिला है और न ही किसी भी प्रकार की देय राशि का भुगतान हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द पेंशन निर्धारण एवं देय भुगतान की कार्यवाही कर उन्हें राहत प्रदान करने की मांग की।

### अतिक्रमण हटाने की मांग


इसी प्रकार ग्राम कुथरेल के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि में अतिक्रमण की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि कुथरेल ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से तार जाली और बाउंड्रीवॉल बनाकर कई लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। ग्रामीणों ने सभी अतिक्रमणकारियों पर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की, ताकि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक करने को कहा।

## विश्व बंधुत्व पर किया रक्तदान

**दुर्ग।** हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के स्वयं सेवकों ने कुलपति प्रो संजय तिवारी के मार्गदर्शन से रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के



विद्यार्थियों ने सहभागिता की। ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा रक्तदान शिविर जिला अस्पताल दुर्ग तथा सेक्टर 7 की ब्रह्मकुमारी संस्था में किया गया । जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर साईं महाविद्यालय, शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, सुराना महाविद्यालय दुर्ग, एमजे कॉलेज भिलाई के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी ने उपस्थिति देकर विशाल रक्तदान शिविर में सहयोग प्रदान किया । कार्यक्रम में कुलपति, क्रीड़ा निदेशक दिनेश नामदेव ने भी रक्तदान दिया । इसी के साथ लगभग 50 स्वयंसेवकों ने रक्तदान परीक्षण करवाया एवं जो स्वयंसेवक रक्तदान करने योग्य पाए गए उन्होंने रक्तदान करके अन्य रक्तदाताओं एवं ब्रह्मकुमारी संस्था में सेवा एवं सहयोग करने का कार्य किया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ चांदनी मरकाम एवं डॉ वर्षा साव मैडम के साथ महाविद्यालय के लगभग 50 से अधिक स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।



## खबर संक्षेप

### डुमरडीह में होगी फुलेरा दर्शन कार्यक्रम

**उतई।** नवजागरण गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड उतई डुमरडीह के तत्वावधान में तीजा उपवास रखने वाली माता और बहनों के लिए फुलेरा दर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर रात 8 बजे से जय राजीव लोचन मानस परिवार जिला गरियाबंद की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी। यह जनकारी नवजागरण गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा ने दी।

## निधन

### मन्नू लाल शर्मा



दुर्ग। शंकर नगर दुर्ग निवासी मन्नूलाल शर्मा (87 वर्ष) का निधन हो गया। वे वन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वे राजेश शर्मा, शालिनी व हेमप्रभा के पिता एवं आर्यादित्य एवं वासु के दादा थे।

### सतीश महिलवार



**जामगांव आर।** धमना निवासी समाजसेवी सतीश महिलवार का निधन रविवार को हो गया। वे पाटन जनपद पंचायत पूर्व जनपद अध्यक्ष कौशल्या महिलवार के पति, ग्राम पंचायत धमना सरपंच लोकेश महिलवार के भाई, सत्यप्रकाश, मनजीत, अमित के पिता थे।

### दुर्गेश राव गायकवाड़



**जामगांव आर।** जामगांव आर निवासी दुर्गेश राव गायकवाड़ का रविवार को निधन हो गया। वे माना बाई के पुत्र, वर्षा बाई के पति और हेमराव के भाई थे।

# भारतीय संस्कृति में मनुष्य ही नहीं, बल्कि प्रकृति और पशु भी पूजनीय : ललित

## बोरई में आयोजित पोला महोत्सव में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरई में आयोजित पोला महोत्सव के पावन अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। यह आयोजन का प्रथम वर्ष था और इस अवसर पर प्रदेशवासियों को तीजा-पोला पर्व की मंगलकामनाएं प्रेषित की।

ललित चंद्राकर ने कहा कि पोला पर्व बैलों का उत्सव है और किसान का गौरव है। इस दिन किसान अपने हल और बैलों की पूजा करते हैं और उन्हें सुंदर रंग-बिरंगे कपड़े पहनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पोला पर्व के माध्यम से किसान बैलों के परिश्रम और उनके महत्व को प्रणाम करता है और यह पर्व बताता



है कि हमारी भारतीय संस्कृति में केवल मनुष्य ही नहीं, बल्कि प्रकृति और पशु भी पूजनीय हैं। पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। ललित चंद्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण होता है और हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं।

आगे चंद्राकर ने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण होता है और हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। कार्यक्रम में सरपंच ओमेश्वर राजू यादव, दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, फिल्म अभिनेत्री उपासना वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, लीकेश्वरी देशमुख, शिवकुमारी देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, मनोज सोनी, दीपक चोपड़ा, नवीन पवार, मुकेश बेलचंदन, शिव निर्मलकर, जितेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सरकार की मनमानी से परेशान समाज के लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# चैतन्य के खिलाफ लगातार कार्रवाई और बार-बार रिमांड बढ़ाने से समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गैर-राजनीतिक पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ बिना ठोस सबूतों के लगातार जारी कार्यवाही और बार-बार रिमांड बढ़ाने ने अब सामाजिक आक्रोश का रूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि भूपेश बघेल से राजनीतिक दुश्मनी को उनके बेटे से निकालने की सरकार की रणनीति समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में इसकी कीमत भाजपा को चुकानी पड़ सकती है।

कश्यप ने कहा, चैतन्य बघेल एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति हैं। उन पर लगाए गए आरोपों के समर्थन में अभी तक कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया है, फिर भी लगातार हिरासत बढ़ाई जा रही है। यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक प्रताड़ना है। उन्हें जन्मदिन पर गिरफ्तार किया गया और अब रक्षाबंधन जैसे

### कई योजनाओं के नाम बदले जाने पर जताई आपत्ति



पवित्र त्योहार पर भी उनकी बहनों को जेल जाकर राखी बांधनी पड़ रही है। यह सीमा से बाहर है।

समाज के अध्यक्ष ने इस कार्यवाही को सरकार की दंश नीति को बताते हुए कहा कि यह केवल एक परिवार तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि पूरा कुर्मी समाज और छत्तीसगढ़िया समुदाय को लज्जित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, यह हमारी सामूहिक अस्मिता का प्रश्न बन गया है। समाज इस तरह की कार्यवाही को सहन नहीं करेगा। इसके साथ ही, श्री कश्यप ने स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र योजना सहित कई योजनाओं के नाम बदले जाने पर भी गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, स्वामी आत्मानंद हमारे समाज के पूजनीय व्यक्तित्व हैं। उनके नाम से चल रही योजना का नाम बदलना सीधे तौर पर समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। यह सरकार की वोट बैंक राजनीति का हिस्सा लग रहा है। कश्यप ने आगे कहा कि इन सभी घटनाक्रमों ने मिलकर समाज में गहरा रोष पैदा किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, हम शांतिपूर्ण समाज हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अपने सम्मान और अस्मिता के खिलाफ हो रहे हमलों को चुपचाप सहन करते रहेंगे। अगर सरकार ने अपनी मनमानी बंद नहीं की, तो समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि समाज ने यह तय कर लिया है कि अगर चैतन्य बघेल के साथ हो रही कथित नाइंसाफी और योजनाओं के नाम बदले जाने पर सरकार ने रुख नहीं बदला, तो आने वाले चुनाव में वे मतदान के माध्यम से अपना जवाब देंगे। जनता सब देख रही है और समझ रही है। जनादेश सबको अपनी जगह पर रख देगा। इस मुद्दे ने अब एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक चर्चा का रूप ले लिया है और राज्य की राजनीति में इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

# पत्रिकाएं और पुस्तकें शोधार्थियों के लिए बहुमूल्य निधि : डॉ. पांडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

अच्छे जीवन का रास्ता अच्छी पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं से होकर गुजरता है। देश के वरिष्ठ साहित्यकार महावीर अग्रवाल द्वारा प्रदत्त चार सौ पुस्तकें एवं 3500 सौ पत्र-पत्रिकाओं में पिछले 50 वर्षों का ज्ञान संचित है। ये सामग्रियाँ आज के लिए ही नहीं बल्कि भविष्य के विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए बहुमूल्य निधि है। ये पुस्तकें जितने खुले मन से हमें प्रदान की गई उतनी ही आत्मीयता के साथ हमने इसे स्वीकार किया है। हम इसे संरक्षित भी रखेगें। शोध स्रोत की दृष्टि से दुर्ग संभाग में कोई भी हिन्दी शोध केन्द्र इतना समृद्ध नहीं है"। उक्त विचार शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई के प्राचार्य डॉ. राजेश पांडे ने महाविद्यालय में 'महावीर अग्रवाल एवं डॉ. कोमल सिंह शार्वा : व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषय पर आयोजित एक दिवसीय शोध संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए व्यक्त किया। इस अवसर पर महावीर अग्रवाल ने कहा कि "पुस्तकों एवं पत्र-पत्रिकाओं की उपयोगिता उसके पढ़े जाने में है। मुझे संतोष है कि ये सामग्रियाँ वर्तमान और भविष्य में भी शोधार्थियों के ज्ञान की वृद्धि में सहायक होगी। अचंल के प्रसिद्ध कथाकार कैलाश वनवासी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "हमारी पीढ़ी के साहित्यकारों के व्यक्तित्व का विकास महावीर जी की छत्रछाया में हुआ हम उनकी साहित्यिक पाठशाला से निकले हुए लोग हैं। वे हम सब के साहित्यिक अभिभावक रहें है। उन्होंने सिर्फ साहित्य सृजन ही नहीं किया बल्कि साहित्यकारों को गढ़ने का भी कार्य किया।

# हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू का अग्निशमन विभागीय सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू द्वारा अग्निशमन विभाग का विभागीय सम्मेलन हुआ । विभागीय चुनाव भी हुआ। सम्मेलन की अमित वर्मा को सम्मेलन अध्यक्ष चुना गया। संतोष कुमार देवांगन ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी और उनकी रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

■ जोनल के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव

पांच सदस्यीय विभागीय समिति के लिए श्याम सुंदर, पुर्तेज सिंह, पूनम सोनी, दुष्यंत साहू, वेदप्रकाश एवं आमंत्रित सदस्य के रूप में दिनेश गुप्ता, अभिनव गुप्ता, संतोष कुमार देवांगन एवं अमित कुमार वर्मा का प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी ने सर्वसम्मति से चुना गया। समिति का संयोजक व पुर्तेज सिंह को उप संयोजक चुना। जोनल सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया । सम्मेलन में महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी और डीवीएस रेड्डी उपस्थित थे। त्रिवेदी ने बताया कि कई दौर के बैठक के बाद हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू के विधान के अनुसार यूनियन की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से यूनियन के सभी स्तर के सम्मेलनों के लिए गाइडलाइन पारित किया।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला खपरी (सिलोदा) में कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों में से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों, नवोदय में चयनित भावेश कुमार साहू, एनएमएमएसई परीक्षा में चयनित तीनों बच्चों तथा सर्वाधिक दिन उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। विद्यालय में प्रतीक चिन्ह के रूप में सौजन्य ग्राम पंचायत खपरी (सिलोदा) द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर सरपंच अनुसूईया नारायण साहू, उप सरपंच दिनेश यादव, एवं समस्त पंचगण उपस्थित थे। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवं सभी शिक्षकगण, सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, सांसद प्रतिनिधि राम सिंह साहू, माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष चितरंजन साहू, प्राथमिक शाला विकास समिति की अध्यक्ष रैनी साहू और विद्यालय विकास समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने बच्चों को यह पुरस्कार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# स्वास्थ्य विभाग और दुर्ग पुलिस के अधिकारियों ने लिया सीसीसीटीएनएस की प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग पुलिस के द्वारा सीसीसीटीएनएस के मेडलीपार पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में दुर्ग पुलिस के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी और ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया गया।

■ मेडिको लीगल रिपोर्ट को पाने ऑनलाइन विकल्प

कार्यशाला में उन्हें बताया गया कि पोस्टमार्टम और मेडिको लीगल रिपोर्ट पुलिस को तुरंत प्राप्त होगी। मेडलीपार पोर्टल पर एक क्लिक पर सारी जानकारी उपलब्ध होगी। छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्ग जिला के सभी पुलिस थाने मेडलेपर पोर्टल का प्रयोग कर रहे हैं। नया कानून लागू होने के बाद सीसीसीटीएनएस पोर्टल में पोस्टमार्टम और मेडिको लीगल रिपोर्ट को पाने के लिए ऑनलाइन विकल्प दिया गया है। इसके जरिए पोस्टमार्टम और एमएलसी रिपोर्ट एक क्लिक में मिल जाएगी।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भी इसी समीक्षा की और कहा कि इसको लेकर जो भी समस्या आएगी उसे वो तुरंत दूर करवाएंगे। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ कलिंगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने गौरी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कलिंगा समाज की बैठक चरोदा रेलवे इंस्टीट्यू में संपन्न हुई। जिसमें समाज के सदस्यगण मौजूद थे। जिसमें भिलाई कलिंग समाज के प्रदेश अध्यक्ष के रुप में ए गौरी शंकर को बनाया गया है। गौरी शंकर भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष भी है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर ने कहा समाज में पद कुछ नहीं होता सब बराबर है। सबको मिलकर काम करना है। महासचिव के हिमगिरि बाबू, कोषाध्यक्ष डी वेंकटरमन, संरक्षक में टी. सूर्या राव, पार्षद लक्ष्मीपति राजू, एस श्रीनू, एस रामू, टी ईश्वर राव, सीनियर वर्किंग प्रेसिडेंट सीएच लिंगेश्वर राव, वर्किंग प्रेसिडेंट एस जगदीश्वर राव, वाइस प्रेसिडेंट पी पापा राव, बी वेंकटरमन, डी वेणुगोपाल, बी मोहन राव, जॉइंट सेक्रेटरी जी भुजंग राव, ए त्रिनाथ राव, जी भास्कर राव, ए राधा कृष्ण, असिस्टेंट जॉइंट सेक्रेटरी के राजशेखर राव को बनाया गया है।

## पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प, वितरण की मिठाई व पेन

**उतई।** आदित्या बंजारे और अदिति बंजारे के जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीह प्रांगण पर चंपा और नाग चंपा फूलदार पौधों का रोपण किया गया तथा उन्हें सुरक्षित करने का संकल्प बच्चों को दिलाया गया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला डुमरडीह व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को कुंदन बंजारे द्वारा बिस्किट, मिठाई और पेन वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका शारदा खेवार ने कहा कि ऐसे ही अपने जन्मदिन य किसी खास मौकों पर इस प्रकार के आयोजन से बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सकता है।



## बॉउंड्रीवाल का किया हस्तांतरण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायत्वि विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक शालाए चंगोरी में नव.नर्मिति बॉउंड्रीवाल और कलामंच का हस्तांतरण किया गया। मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्रीनिवास थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, शाला के प्रधानाचार्य पवन गायकवाड़, सरपंच हीरामन देशमुख, शिक्षक विजय बेलचंदन, आरईएस प्रतिनिधि रामटेके आदि उपस्थित थे।

## उन्नत तकनीकों को किया प्रयोग, टीम वर्क से मिली सफलता

# बीएसपी ने रूसी सीओ गैस एग्जॉस्टर का सफलतापूर्वक किया मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने 4 हजा आरपीएम पर चलने वाले रूस निर्मित सीओ गैस एग्जॉस्टर की जटिल मरम्मत कार्य को सफलता से पूर्ण किया। मरम्मत किए गए एग्जॉस्टर को पुनः प्रारम्भ किया गया। इससे लागत की बचत हुई और संयंत्र के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा के नेतृत्व में सीजीएम टीके कृष्ण कुमार, एचके सचदेव, जीएम प्रभारी समीर रॉयचौधरी, पंचानन जेना, महाप्रबंधक एके डे, महाप्रबंधक एसके अग्रवाल, महाप्रबंधक जगदीश



दशारी, महाप्रबंधक प्रभारी पीएस. खोब्रागड़े आदि की टीम के प्रयास से मरम्मत कार्य को समय पर पूरा किया गया। गैस एक्जास्टर में 24 मई 2025 को एग्जॉस्टर में गंभीर खराबी आई थी, जिसके परिणामस्वरूप टॉप एवं बॉटम केसिंग बॉडी एवं फुटिंग्स, इंपेलर फैन तथा गैस डिफ्यूज़र बॉडी जैसी इकाइयाँ क्षतिग्रस्त हो गई थीं।

टॉप एवं बॉटम केसिंग का स्टॉक उपलब्ध नहीं था, इसलिए संयंत्र ने अपनी इन-हाउस मरम्मत रणनीति तैयार की। रिक्लेमेशन शॉप ने उन्नत तकनीकों और विशेष इलेक्ट्रोड्स की सहायता से वेल्डिंग कार्य किया। सबसे बड़ी चुनौती टूटी हुई हाई-स्पीड जर्नल बेयरिंग हाउसिंग कॉलर की मरम्मत थी। इंजीनियरिंग ड्राइंग विभाग (ईडीडी) के सहयोग से नए ड्रॉइंग तैयार किए गए और बेयरिंग हाउसिंग के टॉप एवं बॉटम हिस्सों में इस भाग को सटीकता से पुनः फिट किया गया।

# गजेंद्र यादव को केबिनेट मंत्री बनाए जाने पर यादव समाज में हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

राज्य सरकार के केबिनेट में यादव समाज को प्रतिनिधित्व देते हुए दुर्ग शहर के विधायक और ठेठवार यादव समाज के संरक्षक गजेंद्र यादव की केबिनेट में शामिल किया गया है। जिसके बाद से छत्तीसगढ़ में पूरा यादव समाज में काफी हर्ष का माहौल हैं । रविवार को ठेठवार यादव समाज राजिम महासभा के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी दुर्ग पहुंचे। हजारों कीं संख्या में यादव समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री गजेंद्र यादव का ऐतिहासिक स्वागत किया। पाटन राज से भी समाज के पूर्व उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी बलराम यादव पत्रकार के नेतृत्व ने स्वागत किया गया। इस दौरान पाटन आगमन का आमंत्रण भी मंत्री गजेंद्र यादव को दिया गया। इस अवसर पर पारंपरिक यादव वेशभूषा, खुमरी पहनाकर और



■ छग ठेठवार यादव महासभा ने किया मंत्री का स्वागत

फुंदरा वाले लाठी भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर गुलेन्द्र यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव ठेठवार समाज, हरिश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष,परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, बसंत यादव प्रदेश संगठन मंत्री, बलराम यादव प्रदेश सलाहकार, नवीन यदु रोम शंकर यादव प्रदेश प्रवक्ता, डा रविनारायण यदु अभिषेक यादव, महेश ठेठवार, राज कुमार यादव अध्यध दुर्ग राज, अमन यादव, ललित यादव, हरिशंकर, जनक यादव, मुकेश यादव, गोविंद लखन यादव,जय प्रकाश यादव, रिवेन्द्र यादव, सतीश, भुनेश्वर यादव ,होमलाल दिलहरण, कृष्णा मोहन जगेश, मेघराज, नरेंद्र, राजेन्द्र, जयंत, बीरेंद्र, पुखराज, वसुंधरा यादव, सरोज यदु, अशोक यादव, नंदझरोखा, उपेन्द्र यादव आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आप के प्रयासों से दिव्यांग को मिली ट्राइसिकल



**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा उपाध्यक्ष क्रांतिकारी साथी जसप्रीत सिंग़ की अथक मेहनत के बाद वार्ड नंबर 45 निवासी रवि जी को ट्राईसिकल मिली। इसके लिए जसप्रीत सिंह ने मुख्यमंत्री को लेटर लिखा था। इस पूरी प्रक्रिया में आवेदन देने से लेकर ट्राईसिकल हासिल कर रवि को देने तक की प्रकिया में जसप्रीत सिंग के साथ-साथ रामपाल, बलविंदर सिंग, अमजद, डॉ. एसके अग्रवाल, मेहरबान सिंग, के. ज्योति, सोनू यादव, धर्मेंद्र चौधरी, रऊफ अंसारी, छबी देवांगन, डीकेश्वर विजय अग्रवाल के साथ अन्य उपस्थित रहे। खुर्सीपार के श्रीराम चौक पर यह साइकिल देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रवि ने आप कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### अंडर-14 व 19 क्रिकेट टीम का चयन 31 से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2025-26 के लिए आयोजित अंडर-14 एवं अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। बीएसपी टीम के गठन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया है। अंडर-14 (बालक) आयु वर्ग में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की जन्मतिथि 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 के मध्य और अंडर-19 (बालक) आयु वर्ग के लिए 1 सितम्बर 2007 से निर्धारित सीमा तक जन्म लेने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। अंडर-14 व अंडर-19 (बालक) टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन क्रमशः 30 अगस्त तथा 31 अगस्त को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में किया गया है। इच्छुक संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी चयनकर्ता के राजगोपालन व देवेश बनर्जी के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### केन्द्रीय मंत्री मांडविया व ईपीएफओ के उच्चाधिकारियों के साथ सेफी की बैठक

# ईपीएस -95, हायर पेंशन की पात्रता में विसंगतियों से सेल कार्मिकों के प्रमोशन और स्थानांतरण हो रहे प्रभावित, जल्द हो समाधान

**दिल्ली में विभेद समाप्त करने जल्द जटिलताओं के अध्ययन का मिला आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ईपीएस-95 हायर पेंशन की पात्रता को लेकर बीएसपी सहित सेल कार्मिकों को फिर से एक बार उम्मीद बंधी है। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और ईपीएफओ के केंद्रीय अधिकारियों के साथ सेफी पदाधिकारियों की हुई अहम बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरुप सेल की सभी इकाइयों के कर्मियों को हायर पेंशन की पात्रता देने के लिए जटिलताओं आवश्यक अध्ययन करना का आश्वासन मिला है।

सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर और महासचिव संजय आर्या ने सेल में ईपीएस-95 हायर पेंशन पर उत्पन्न विभेद पर मंत्री मांडविया को अवगत कराया। मंत्री ने सेफी के इसे संज्ञान में लेते हुए ईपीएफओ के केन्द्रीय उच्च अधिकारियों को इस मुद्दे पर बैठक आयोजित करने निर्देशित किया।मंत्री के निर्देश पर 21 अगस्त को श्री बंछोर के नेतृत्व में सेफी ने ईपीएफओ के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सेफी ने ईपीएफओं के अधिकारियों को सेल की विभिन्न इकाईयों के मध्य



ईपीएस-95 हायर पेंशन को लेकर उत्पन्न विसंगतियों व विभेद से अवगत कराया।

सेफी ने मांग किया कि एक ही कंपनी में कार्यरत कार्मिकों के मध्य हायर पेंशन की पात्रता में विभेद उत्पन्न हो जाने से कंपनी के भीतर प्रमोशन, स्थानांतरण से लेकर प्रशासनिक व प्रचालनिक निर्णयों में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसे जल्द समाप्त करने की मांग की गई, जिससे सेल की सभी इकाईयों के कार्मिकों को 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप ईपीएस-95 हायर पेंशन की पात्रता प्रदान किया जाए।

### सेफी को निदान की आशा

बैठक में सेफी की ओर से चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर व महासचिव संजय आर्या और ईपीएफओ की ओर से रमेश कृष्णमूर्ति, सीपीएफसी के सीईओ,चंद्रमौली चक्रवर्ती, अतिरिक्त केंद्रीय पीएफ आयुक्त और अपराजिता जग्गी, अतिरिक्त केंद्रीय पीएफ आयुक्त उपस्थित थे।बैठक में रमेश कृष्णमूर्ति, सीपीएफसी के सीईओ ने सेफी की मांग पर इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक अध्ययन कराने का आश्वासन दिया। श्री बंछोर ने बताया कि सेफी को उम्मीद है कि मंत्री की पहल से जल्द समस्या का निदान होगा।

### जन प्रतिनिधयों से लेकर आम जनता तक को स्मार्ट बनने सीखना होगा मैनर्स, घर में बना लेते हैं कचरे से खाद

# इंदौर में पुलिस से अधिक निगम का खौफ यहां भीख लेना और देना दोनों अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

*भिलाई नगर निगम को स्मार्ट सिटी इंदौर की तरह बनाने के लिए महापौर निगम के अधिकारियों और पार्षदों को लेकर तीन दिन की ट्रेनिंग पर गए थे। यहां जाकर उन्हें पता चला कि स्मार्ट बनने के लिए निगम को पुलिस की तरह सख्त होना पड़ेगा। भिलाई निगम के स्वास्थ्य मंत्री लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि अगर स्मार्ट शहर बनाना है तो उसके लिए मंत्री विधायक और आम जनता तक को अवेयर होना होगा।*

अलग खबर

निगम को इतना सख्त होना होगा उसके डर से लोग नियमो का पालन करें। इंदौर में पुलिस से अधिक लोगों में निगम का खौफ है। यहां नियम इतने सख्त हैं कि भिखारी तक शहर में नहीं दिखता।

इंदौर को भिक्षुक मुक्त शहर बनाया गया है। इसके लिए जगह जगह बोर्ड लगाए गए हैं कि यहां भीख लेना और देना दोनो अपराध है। इसके लिए निगम ने बकाया एक कंट्रोल रूम बनाया है और इस पर रोक लगाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और अपने कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया है।




#### निगम की घूमती है पेट्रोलिंग गाड़ी

इंदौर में लोगों को पुलिस से अधिक निगम का खौफ है। यहां निगम ने अपनी एक पेट्रोलिंग टीम बनाई है। यह टीम पीले रंग की गाड़ी लेकर राउंड मारती रहती है। जहां भी कचरा या गंदगी करते कोई मिला तो उसके खिलाफ वहीं पर जुर्माने की कार्रवाई की जाती है। यहां तक यहां के जनप्रतिनिधि, बड़े अधिकारी और मंत्री तक निगम के नियम का पालन करते हैं और होर्डिंग तक अपने से कहीं नहीं लगाते हैं। होर्डिंग लगाने से पहले निगम से बाकायदा अनुमति ली जाती है उसके बाद उसे लगाया जाता है।

#### गार्डन में उपयोग होती है खाद

शहर के तालाबों की गंदगी का सबसे बड़ा कारण पूजा समग्री को विसर्जित करना होता है। इसके लिए इंदौर की जनता को घर में ही खाद बनाने की जानकारी दी गई है। लोग घर में एक डस्टबिन में पूजा में निकलने वाली सामग्री व फूल को डालते हैं। इसके बाद उसमें एक कैमिकल डालते हैं। कुछ दिन में ही वो खाद का रूप ले लेता है। इसके बाद उस खाद को दूसरी बाल्टी में इकट्ठा करके रख लेते हैं, जो कि घरों के गार्डन में खाद डालने के लिए उपयोग में लाई जाती है।



#### इंदौर में सफाई एजेंसी पर जुर्माने का प्रावधान, लेकिन भिलाई में नहीं

इंदौर में कचरा उठाने के लिए जो भी गाड़ी जाती है वो जीपीएस सिस्टम से लौस होती है। यदि कोई कचरा गाड़ी तय समय पर निर्धारित घर में कचरा लेने नहीं पहुंची तो वहां दूसरी गाड़ी कचरा लेने पहुंच जाती है और उसकी जगह लापरवाही करने पर सफाई ठेकेदार के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाती है।



#### लोग खुद रखते हैं गीले और सूखे कचरे के लिए डस्टबिन

इंदौर में सफाई को लेकर जनता इतना जागरूक है कि वो खुद अपने पैसों से गीले और सूखे कचरे के लिए अगल अलग डस्टबिन रखते हैं। इसके बाद गीला और सूखा कचरा अलग अलग करके कचरा उठाने वाली गाड़ी में डालते हैं। गीला सूखा कचरा अलग अलग ना देना और ना लेने पर निगम ठेकेदार और जनता दोनों पर 500 रुपए से लेकर अधिक से अधिक जुर्माना लगाया जाता है। भिलाई के पार्षदों ने एक सब्जी बेचने वाली महिला को देखा कि वो जो भी कचरा निकल रहा था उसे ठेले में ही रख रही थी। जब उससे पूछा गया तो उसने कहा कि वो इस कचरे को आगे जो भी कूड़ेदान मिलेगा उसमें डालेगी। जबकि भिलाई में उल्टा है। यहां आकाश गंगा, पावर हाउस, दुर्ग से लेकर सभी सब्जी मंडियों या दुकानो में सब्जी का कचरा सड़कर बदबू मारता रहता है।

### सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, संविधान संशोधन विधेयक वापसी और बिहार चुनाव में वोट काटना बंद करने की मांगो के लेकर मंगलवार को सेल परिवार चौक सिविकसेंटर में शाम 6 से 7 बज तक धरना व सभा का आयोजन किया जा रहा है। इन मुद्दों पर विभिन्न वामपंथी पार्टियों सीपीआई,सीपीआई (एम) सीपीआई (एम एल) लिबरेशन तथा विभिन्न जन संगठनों सीटू, एटक, ऐक्टू क परिचर्चा भी हुई। वाम नेताओं ने कहा कि बिहार चुना में विशेष गन परिक्षण के नाम पर मतदाताओं के नाम काटना अनुचुति है। 24 जून को अचानक चुनाव आयोग ने घोषणा किया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा 25 जून से काम शुरू कर दिया 11 दस्तावेजों की सूची जारी किया गया जो गरीबों के पास मिलना मुश्किल है 22 लाख लोगों को मृत बताकर, 36 लाख लोगों को बिहार से बाहर होना बताकर एवं 7 लाख लोगों को दो जगह वोट होने की बात कहकर नाम काट दिया गया। चुनाव आयुक्त ने कहा वह सब गोलमोल और लफ़्फ़ाजी के सिवा कुछ भी नहीं है जिसे पूरा देश समझ चुका है। कहा कि संविधान संशोधन संविधान और देश के संघवाद पर हमला है। वहीं सरकार भारत विरोधी अमेरिका की टेरिफ नीति का कड़ा जवाब भी नहीं दे रही है।

### नराकास का वार्षिक पुरस्कार समारोह कलामंदिर में 28 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' की छमाही बैठक और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 28 अगस्त को भिलाई निवास में आयोजित है। मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन होंगे। अध्यक्षता, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर् चित्त रंजन महापात्र व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार होंगे।

# तीज उत्सव में महापौर ने जमकर लगाए ठुमके, किया करू भात का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने रविवार की शाम अपने सरकारी आवास एफ-4 पर विशेष "करू भात भोज" का आयोजन किया। सभी तीज हारिन को आमंत्रित कर तीजा पर्व से जुड़ी पारंपरिक रस्म निभाई गई।

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में तीजा पर्व महिलाओं का महत्वपूर्ण त्योहार है। इस पर्व में महिलाएं अपने परिवार की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। "करू भात" भोज इस पर्व का पहला चरण होता है, जिसमें महिलाएं करेला और भात का सेवन करती हैं और उसके बाद खीरा खाकर विश्राम करती हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक महत्व का नहीं बल्कि लोक परंपराओं और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

**सादगी और आत्मीयता का वातावरण:** कार्यक्रम के दौरान महापौर अलका बाघमार ने स्वयं भोजन परोसकर महिला अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान किया। सादगी भरे इस आयोजन में परंपरागत भोजन की थाल सजाई गई, जिसमें करेला-भात के साथ अन्य व्यंजन भी रखे गए थे।मौके पर उपस्थित महिला कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे के साथ पर्व की परंपरा साझा की और इसे सांस्कृतिक धरोहर बताया।

# दल्ली राजहरा में 12 से 14 अक्टूबर तक सीटू का आठवां राज्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का आठवां राज्य सम्मेलन सम्मेलन 12 से 14 अक्टूबर को सिंधी भवन दल्ली राजहरा में होगा । सम्मेलन में राज्य के सीटू से संबद्ध विभिन्न यूनियनों से 150 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन भी उपस्थित रहेंगे। पहले दिन रैली निकलेगी और आमसभा होगी।

सीटू राजहरा के अध्यक्ष पुरुषोत्म सिमैया ने बताया कि सम्मेलन की तैयारी के लिए राजहरा में यूनियन की सामान्य बैठक संपन्न हुई। स्वागत समिति



गठन किया गया जिसमें एमएस शांत कुमार को अध्यक्ष, प्रकाश सिंह क्षत्रिय सचिव, जे गुरूवुलु को कोषाध्यक्ष चुना गया । पुरुषोत्तम सिमैया , विजय कुमार जांगड़े, जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, डीवीएस रेड्डी, ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद मिश्रा, संगीता महंत , रंभा पवार , इन्द्र दमन सिंह ठाकुर, अनिल रामटेके को उपाध्यक्ष एवं चार्ली वर्गीस , सुजीत मंडल, सुजीत मुखर्जी, मुकेश मानस, रामाधीन राम ,शशिकांत, नकुल देवांगन, आरती राम ठाकुर, बालमुकुंद ठाकुर , ओमप्रकाश साहू को संयुक्त सचिव चुना गया ।आवास व परिवहन आदि उप समितियों का गठन भी किया गया है।

### संभाग स्तरीय आधार प्रमाणीकरण कार्यशाला संपन्न

**दुर्ग।** संभाग स्तरीय आधार प्रमाणीकरण कार्यशाला का आयोजन बीआईटी मैकेनिकल ब्लॉक में आयोजित किया गया। जिसमें उदय आरओ हैदराबाद से असिस्टेंट मैनेजर सन्नी सिंह एवं दिल्ली हेडक्वार्टर से संजय प्रकाश मास्टर ट्रेनर द्वारा आधार प्रमाणीकरण का प्रशिक्षण दिया गया। आधार प्रमाणीकरण से संबंधित तकनीकी विषयों पर जानकारी दी गई मनरेगा, पीओएस फूड, स्कूली, बैंकिंग आदि क्षेत्रों में आधार के उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। दुर्ग संभाग के 7 जिलों से आधार आधारित विभाग जैसे शिक्षा, डब्ल्यूसीडी, पेंशन, बैंकिंग, राजस्व, खाद्य आदि से संबंधित मास्टर ट्रेनर्स भी प्रशिक्षण का हिस्सा बने एवं बालोद, बेमेतरा, मोहला मानपुर, दुर्ग के ई-जिला प्रबंधक भी उपरोक्त प्रशिक्षण में उपस्थित हुए।

### अवैध स्थानों पर कचरा फेंकने से फैलेंगे संक्रामक रोग

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग ने इस्पात नगर के नागरिकों से अपील की है कि वे कचरे का निस्तारण जिम्मेदारी पूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से करें। विभाग ने सभी नागरिकों, दुकानदारों, होटल एवं भोजनालय संचालकों तथा फूड स्टॉल संचालकों से स्वच्छता एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण बनाए रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

सभी लोग अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में रखें, जैसे, सूखा कचरा, भोजन एवं रसोई का कचरा तथा प्लास्टिक कचरा आदि, और इन्हें निर्धारित समय पर कचरा एकत्र करने आने वाले सफाई कर्मियों को ही सौंपें। विभाग ने चेतावनी भी जारी की है कि अवैध स्थानों पर कचरा फेंकने से न केवल गंदगी और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं तथा संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ता है। नगर सेवाएँ विभाग ने पुनः अनुरोध किया है कि भिलाई को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301




**कार्यों को गुणवत्तायुक्त और समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश**

# भिलाई शहर के विकास को लेकर विधायक रिकेश ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

▪ मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने कहा

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहर के विकास कार्य को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और भिलाई शहर में जो भी निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं, उन सभी कार्यों को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री सेन ने कहा कि मूलभूत जितने भी कार्य कराए जा रहे हैं या कराए जाने हैं, उनका उपयोग अति आवश्यक कार्यों को ध्यान में रखकर किया जाए। संपत्ति कर एवं जल कर वसूली सहित भवन अनुज्ञा जारी कर राजस्व वृद्धि को बढ़ाने में प्राथमिकता के भी निर्देश दिए।



नगर निगम द्वारा अंबाटित जमीन एवं बसाई हुई कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुये प्रस्ताव भेजने कहा। साथ ही पुराने जर्जर वाम्बे, अटल, रैशन, आईएचएसडीपी आवासो के निर्माण में प्राथमिकता पर भी चर्चा की गयी। विधायक द्वारा समीक्षा करते हुए निगम क्षेत्रांतर्गत निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य जो वर्तमान में संचालित हैं उसके सतत निरीक्षण पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा जो ठेकेदार कार्य गुणवक्तायुक्त नहीं कर रहे है और मनमानी कर रहे है, उन्हे ब्लेक लिस्ट किया जावे। ठेकेदार या जनप्रतिनिधियों के कर्मचारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिये कार्यवाही के लिए संभागायुक्त को नोटशीट लिखी जावे। संपदा विभाग की राजस्व अधिकारी से कहा गया कि संपदा विभाग के कार्यों को प्राथमिकता देने से आम नागरिकों को सुविधा होगी। नामांतरण के कार्यों को अविलंब पूर्ण किया जावे। राजस्व विभाग संबंधी जमीन का आंकड़ा एवं लेखा जोखा का दुरस्तीकरण किया जावे। जवाहर नगर स्थित निगम स्वामित्व जमीन से अवैध कब्जा को मुक्त कराना है, साथ ही निगम स्वामित्व के जमीन में धर्म के नाम पर अवैध कब्जा को रोका जाना होगा। जैसे अवैध मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर के निर्माण को रोका जाये। निगम स्वामित्व के कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जावे। शासन को रोड, नाली, लाइटिंग के सुविधाओं को मुहैया कराने प्राथमिकता देना है। प्रियदर्शिनी परिसर, राधिका नगर, नेहरू नगर, साकेत नगर, स्लाटर हाउस रोड एवं अन्य निगम स्वामित्व द्वारा आंबटित भूमि पर निर्मित कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को प्रथामिकता दिया जाये। समीक्षा बैठक में जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



02



पारंपरिक झूला रस्म, गीत-संगीत से सजी महफिल समूह नृत्य नाटिका में दिया सामाजिक एकता का संदेश


**लाइव इवेंट**

## आठ मिनट में 200 गणितीय प्रश्नों को किया हल, 9 बच्चों का प्रदर्शन बेहतर



**भिलाई।** 24वीं इंडिया नेशनल लेवल अबेकस प्रतियोगिता में 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्नों को हल करते हुए दुर्ग के बच्चों ने शानदार सफलता अर्जित की और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। हैदराबाद स्थित जीएमसी बालयोगी इनडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों से लगभग 4500 प्रतिभागी बच्चों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए दुर्ग से 9 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता उकमास अबेकस पद्धति पर आधारित रही। प्रतिभागियों को 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्नों को हल करना होता है। यह प्रश्न जोड़, घटाव, गुणा, भाग जैसी जटिल गणनाओं से संबंधित होते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की गणितीय गति, एकाग्रता, स्मरणशक्ति और मानसिक चपलता को परखना है। प्रतियोगिता में दुर्ग के विजेता बच्चों में भव्या ठाकरे मदर कॉन्वेंट, दुर्ग ने सी 1 श्रेणी में तृतीय स्थान, श्रुति केपीएस, सिंधिया नगर, दुर्ग ने ए 3 श्रेणी में चौथा स्थान और वागसकर आरोही अप्पा विश्वदीप हायर सेकंडरी स्कूल दुर्ग ने बी 3 श्रेणी में मेरिट रैंक प्राप्त किया। ये सभी विद्यार्थी उकमास अबेकस सेंटर सिंधिया नगर दुर्ग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संचालक इंजिनियर युगल किशोर ने सभी बच्चों की शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के साथ साथ सभी अभिभावकों को भी बधाई दी। साथ ही शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों की कड़ी मेहनत और उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



- दुर्ग की भव्या और श्रुति ने राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सिटी इवेंट**

## डीपीएस भिलाई में अंतरविद्यालयीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता



**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में वार्षिक अंतरविद्यालयीय हिंदी वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय अमेरिका की वर्तमान टैरिफ नीति ने भारत के लिए संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं था। प्रतियोगिता में भिलाई,दुर्ग व रायपुर के दस प्रमुख विद्यालयों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में अनिता सावंत,अमूल्य प्रियदर्शी, डां. हंसा शुक्ला शामिल थे। रनिंग ट्राफी डीपीएस रायपुर को प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में पक्ष में डीपीएस भिलाई की शुभांगी भट्टाचार्य, डीपीएस रायपुर की दिव्य डड़सेना द्वितीय दिव्य दडसेना और तृतीय स्थान संयुक्त रुप से अंशिका सिंह शंकराचार्य विद्यालय, हुडको,) इशानी दुबे डीएवी हुडको और श्रुति रॉय चौधरी केपीएस नेहरू नगर को मिला। जबकि विपक्ष में प्रथम चार्वी जैन, डीपीएस भिलाई,द्वितीय सिद्धि, शारदा विद्यालय व तृतीय स्थान – राशी रामटेके शंकराचार्य विद्यालय, हुडको रहीं। ओवरहाल परिणाम डीपीएस भिलाई प्रथम और डीपीएस रायपुर द्वितीय स्थान पर रहे। लेकिनपरंपरा के अनुसार मेजबान विद्यालय होने के कारण डीपीएस भिलाई ने ट्रॉफी का दावा नहीं किया और रनिंग ट्रॉफी डीपीएस रायपुर को प्रदान की गई।

- डीपीएस भिलाई ओवरऑल प्रथम

### विजेताओं को मिले पुरस्कार

निर्णायक अमूल्य प्रियदर्शी निर्णायक डीजीएम पीआर बीएसपी ने परिणाम की घोषणा की। रेनू वशिष्ठा ने विजेता टीम को ट्रॉफी और विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए। निर्णायकों को स्मृति–चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सेकेंडरी विंग नीलम पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन ने किया।

## पनिका समाज तीज मिलन महोत्सव 7 को

**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज का तीज महोत्सव 9 सितंबर को सुबह 10 बजे मानिकपुरी पनिका समाज कबीर मंदिर सत्संग केंद्र पंथी चौक बोरसी रोड रूआबांधा में मनाया जा रहा है। मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई महिला संगठन ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक व मातृशक्तियों की प्रमुख पर्व तीज मिलन महोत्सव महिलाओं की सामाजिक एकता और संबंधों की सुद्वढ़ता के लिए मनाई जाती है।

- देर शाम तक महिलाओं ने एक-दूसरे के घर जाकर करू भात की रस्म निभाई

# तीज पर्व-कड़ू-भात खाकर और नीम का दातून कर 24 घंटे के निर्जला व्रत की हुई शुरुआत, मेहंदी लगाने देर रात तक बाजारों में रही रौनक

**भिलाई।** विवाहित महिलाएं पति की दीर्घायु और कुंवारी युवतियां सुयोग्य वर की कामना के साथ 24 घंटे का निर्जला व्रत रखकर बालू से बने भगवान शिव-पार्वती की फूलेरा सजाकर व्रत रखेंगी। व्रती शिव-पार्वती की पूजा कर अखंड सौभाग्य का वरदान मांगेगी। जिसके लिए सोमवार को सात्विक भोजन और परंपरा अनुसार कड़ू-भात खाकर व्रत की शुरूआत की। सभी बाजारों में करेला 80 रुपये किलो तक बिका। शहर के बाजारों में कल दिन भर रौनक रही। महिलाओं नें तीज की तैयारियों के लिए चूड़ियाँ, बिंदी, मेंहदी, साड़ियाँ और पूजन सामग्री की खूब खरीदारी की। खासकर सेक्टर 6, रिसाली के प्रमुख बाजारों और पार्लर, बुटिक में सुबह से देर रात तक भीड़ रही। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि में आज हरियाली तीज का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जायेगा। छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सहित उत्तर भारत में आज हरियाली तीज का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। घर-घर में पूजा की तैयारियाँ जोरों पर हैं और बाजारों में चूड़ियां, मेंहदी, श्रृंगार सामग्री व पूजन सामान की खरीदी से खास रौनक देखने को मिल रही है।

### करेले ने दिखाया अपना दम, 80 रु किलो बिका

सोमवार को देर शाम तक महिलाएं एक-दूसरे के घर जाकर करू भात की रस्म निभाई। शाम को बाजार खुलते ही तिजहारिन महिलाओं की रौनक बाजारों में देखने को मिली। तीज व्रत से पहले महिलाएं परंपरा अनुसार कड़ू-भात करेले की सब्जी व चावल का सेवन करती हैं। आज निर्जला व्रत रखकर महिलाएँ भगवान शिव-पार्वती की पूजा करेंगी और अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। रविवार और सोमवार को बाजारों में करेले की सबसे ज्यादा मांग रही। कीमत 70 से 80 से रु. किलो तक पहुँच गई। दुकानदारों का कहना है कि अचानक मांग बढ़ने की वजह से इनकी कीमतें थोड़ी-बहुत ऊपर-नीचे होती हैं। वहीं पूजा सामग्री, फल और मिठाइयों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ रही।



### महिलाओं का दिखा उत्साह



आज सुबह से ही घर-घर में पूजा की तैयारियाँ शुरू हो जायेगी। महिलाएँ श्रृंगार कर शिव-पार्वती की पूजा में जुटेंगी। कई जगह मंदिरों व घरों में संगीतमय कार्यक्रम और कथा-पूजन का आयोजन भी किया जायेगा। भिलाई निवासी रीना गुप्ता का कहना है कि तीज के इस व्रत का हम सालभर इंतज़ार करते हैं। आज निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि व पति की लंबी उम्र की कामना करेंगे।

### श्रृंगार सामग्री और मेहंदी की रही धूम

इस बार विशेष संयोग में हरितालिका तीज भाद्रपद शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि मंगलवार को यानी आज किया जायेगा। तीज व्रत के दिन भौम जया सिद्ध योग, साध्य योग, शुभ योग और हस्त नक्षत्र व तृतीया तिथि का अद्भुत संयोग है। इस तिथि पर सुहागवती महिलाएं और युवतीयां निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती का पूजन करेंगी। सुहागिनें पति की लम्बी उम्र की कामना करेंगी तो युवतीयां अच्छे पति के लिए व्रत करेंगी।



### बसों में रही भीड़

सोमवार को देर रात तक बाजारों में तीज की रौनक दिखी। बसें और ट्रेनें भी मायके आने-जाने वाली बेटियों से भरी रहीं। देर रात तक पास-पड़ोस और रिश्तेदारों के घर जाकर तिजहारिनों ने करू भात खाने की रस्म निभाई। अब मंगलवार को दिनभर निर्जला व्रत रखकर महिलाएं भगवान शिव और पार्वती से अपने पति की लंबी उम्र मांगेंगीं।



## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान 7 को, बच्चों का बढ़ाएंगे मनोबल

**भिलाई।** सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग की बैठक समाज के भवन स्मृति नगर में आयोजित की गई। जिसमें समाज के सभी पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रभु नाथ मिश्र ने की और संचालन महासचिव रामलखन मिश्र ने किया। बैठक के दौरान 7 सितम्बर को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की रुपरेखा बनाई गई। साथ ही समाज के ब्रह्म प्रकाश भवन स्मृति नगर में दोपहर 3 बजे समाज के प्रतिभावान बच्चो का प्रतिभा सम्मान समारोह समाज के सभी सदस्यों को उपस्थित रहने अपील भी की गई। इस दौरान इससे संबंधित पोस्टर और पम्पलेट भी प्रभु नाथ मिश्र ने अन्य सदस्यों को देते हुए वितरण कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमचंद विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी, विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, ऋचा मिश्रा, डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल प्राचार्य प्रियंका शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मिश्र ने समाज के सभी सदस्यों को कार्यक्रम में उपस्थित हो कर बच्चों का मनोबल बढ़ाए और सामाजिक एकता का परिचय देने की बातें कही। बैठक में प्रभु नाथ मिश्र, राम लखन मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, दिनेश मिश्र, जे एन तिवारी, सुनील मिश्र, कैलाश पाठक, रविन्द्र शुक्ला, शंकर चरण पांडे, आर के पांडे, वी एन पांडे सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।



## कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में आकर्षी कश्यप ने जीता कांस्य पदक

**दुर्ग।** भारत की अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज-2025 में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट 21 से 24 अगस्त तक कैमरून की राजधानी याओंडे में आयोजित की गई। आकर्षी ने पहले राउंड में युगांडा की खिलाड़ी को मात दी। इसके बाद दूसरे दौर में उन्होंने स्विट्ज़रलैंड की खिलाड़ी को पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने एक भारतीय खिलाड़ी को सीधे गेम्स में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालाँकि सेमीफाइनल में उन्हें इंडोनेशिया की खिलाड़ी से पराजय का सामना करना पड़ा और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अपने प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए आकर्षी ने कहा कि मैं इस टूर्नामेंट में अपने खेल और अनुभव से संतुष्ट हूँ। यह पदक मुझे आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए आत्मविश्वास देगा। आकर्षी का अगला मुकाबला लागोस इंटरनेशनल चैलेंज (27-30 अगस्त 2025, नाइजीरिया) में होगा। इसके बाद वह वियतनाम ओपन बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 100 (9-14 सितंबर 2025) में हिस्सा लेंगी।



## धार्मिक आस्था का पर्व गणेश चतुर्थी, जगह-जगह सज रहे पंडाल

**कार्नर न्यूज**



# गणेश पूजा कल से, मिट्टी और गोबर की मूर्ति बनी सभी की फेवरेट, दे रहे अंतिम रूप

**भिलाई।** धार्मिक आस्था का पर्व गणेश चतुर्थी की शुरुआत बुधवार से हो जाएगी। जिसके लिए शहर सहित सभी बाजारों में रौनक बढ़ गई है। दुकानों पर रंग-बिरंगी सजावट और विभिन्न आकार-प्रकार की प्रतिमाएं सजी हुई हैं। इस बार खरीदारों की पहली पसंद मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने और परंपरा से जुड़ाव की वजह से लोग पीओपी की बजाय इको-फ्रेंडली मूर्तियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



### मिट्टी की मूर्तियों की कीमतें

छोटी मूर्तियां 200 से 500, मध्यम आकार 700 से 1500 और बड़ी प्रतिमाएं 2000 से 5000 तक बिक रही है। दुकानदारों के अनुसार सबसे ज्यादा डिमांड घर में रखने लायक 1 से 2 फीट के मूर्तियों की है। नरेश कलाकृति दवरा सुपेला में गणेश प्रतिमाओं की दुकान लगाई गई है। संचालक और कला के क्षेत्र में डिग्री हासिल करने खैरागढ़ से पढ़ाई करने वाले अंजल यादव ने बताया कि पिछले 4-5 सालों से अपने पापा के साथ मूर्तियों की सजावट का कार्य कर रहे है। इस बार बाजार में लोग बाल गणेशा और कृष्ण के लुक में पसंद कर रहे है।

### नया ट्रेंड - मिनी पंडाल

गणेश प्रतिमाओं के साथ-साथ इस बार बाजार में छोटे-छोटे कृत्रिम पंडाल भी बिक रहे हैं। कार्डबोर्ड और सजावटी सामग्री से बने ये मिनी पंडाल घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं। महिलाएं और बच्चे इन्हें बड़ी उत्सुकता से खरीद रहे हैं।



**सिटी इवेंट**

## 62वीं वार्षिक आमसभा में सुदृढ़ आर्थिक स्थिति की दी जानकारी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 भिलाई की 62वीं वार्षिक आम सभा रविवार को परशुराम भवन सेक्टर-2 में आयोजित की गई। इस दौरान अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने संस्था की उपलब्धियों एवं वित्तीय स्थिति के बारे में अपना वार्षिक प्रतिवेदन रखा। इस दौरान वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन सहित कई अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। बृज बिहारी ने कुटुम्ब सहायक योजना का ब्यौरा देते हुए सदस्यों को बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 447 प्रकरणों में कुल 39 लाख, 27 हजार, 432 रुपए का भुगतान किया गया। इनमें दिवंगत हुए 8 सदस्यों का प्रकरण भी शामिल है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक सदस्य से उनके मासिक वेतन से कटौती कर राहत कोष का निर्माण किया गया है। वर्तमान में आकस्मिक ऋण की सीमा तीन लाख है। आमसभा में संस्था के विकास और सदस्यों के हितार्थ कई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव भी सदस्यों ने दिये। जिन्हें परीक्षण के उपरांत भविष्य में लागू करने का निर्णय लिया गया। आमसभा के दौरान मंच पर संस्था की उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर, अमिताभ वर्मा व संचालक मंडल के सदस्य विनोद कुमार वासनिक, के. पी.चंद्राकर, हरिराम यादव, पवन कुमार साहू, नीरजा शर्मा, जैनेंद्र कुमार गहिने और संस्था के प्रतिनिधि शैलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार शर्मा और तरुण कुमार ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम.मुरलीधर और आभार उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर ने व्यक्त किया। आमसभा को बताया गया कि विगत 62 वर्षों में सोसाइटी ने उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए प्रदेश के सहकारी आंदोलन में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में 76 नए सदस्य बनें है।

**ब्राह्मण मित्र सखी मंडल का आयोजन, मेहंदी सज्जा, पारंपरिक परिधान में किया रैंप वाक**

# पारंपरिक झूला रस्म, गीत-संगीत से सजी महफिल समूह नृत्य नाटिका में दिया सामाजिक एकता का संदेश

**भिलाई।** भादौ महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला पारंपरिक लोक पर्व तीज को लेकर महिलाओं दवरा जगह-जगह विभिन्न समाजों, संगठनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ब्राह्मण मित्रा सखी द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन चौहान इम्पीरियल होटल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में ब्राह्मण मित्र मंडल और समाज की महिलाएँ उपस्थित रहीं।



### समाज में एकता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विनीता मनीष पांडेय उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व नारी शक्ति, आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। तीज सिर्फ व्रत और पूजा नहीं बल्कि परिवार व समाज में प्रेम और सौहार्द बढ़ाने का अवसर है। इस पर्व से हमें हमारी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना और ब्राह्मण समाज में एकता स्थापित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। तीज पर्व की पारंपरिक झूला रस्म, गीत-संगीत और समूह नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुआ नृत्य और लोकगीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही मेहंदी सज्जा, पारंपरिक परिधान, रैंप वाक, तीज गीत गान एवं मनोरंजक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर तीज उत्सव को सेलिब्रेट किया।

### जरुरतमंद बच्चे की इलाज में की मदद

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों ने समाज में जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं एकजुटता पर बल दिया। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि इस प्रकार के आयोजन समाज की प्रगति और एकता को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर महिलाओं ने अपनी एकता का परिचय देते हुए ब्राह्मण मित्र समाज की सदस्या के बेटे की किडनी खराब पर कई दिनों से डायलिसिस कराने और उसके इलाज के लिए दिल खोलकर आर्थिक सहयोग किया साथ ही आगे भी आर्थिक सहयोग देने पर सहमति दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की संयोजिका सरोज चौबे और उर्मिला उपाध्याय ने सभी अतिथियों, सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। इस दौरान समाज की सभी आयु वर्ग की महिलाएं उपस्थित रही।



### वार्ड 57 एवं 58 की महिलाओं द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन



सेक्टर 4 के वार्ड 57 एवं 58 की महिलाओं द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने खेल-कूद, हाऊजी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, भजन एवं श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया । तीज मिलन समारोह में तीज क्वीन का ताज विजेता सिंह को मिला। इस अवसर पर मुख्य रूप से नीतू चौहान, हर्षिता बोस, आंचल दिवाकर, रोशनी गोस्वामी, संध्या पाठक, मनीषा शर्मा, मीरा त्रिपाठी, बसंती, मंजुल राठौर, रेवती, भारती, गुड़िया, मधु, माधुरी शिवानी, शिखा उपस्थित रही।

**सिटी लाइव**

## सीमा सुरक्षा बल ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**भिलाई।** सीमा सुरक्षा बल, सामरिक मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा भिलाई सेक्टर-7 स्थित बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल ग्राउंड में सोमवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर बी.एस.एफ अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने सामूहिक रूप से स्कूली बच्चों एवं स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत पीपल, बरगद और नीम जैसे जीवनदायी 500 पौधे रोपे गए। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विचार मंच सी.जी. इकाई, पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई, सेल्यूट तिरंगा संगठन और मां शारदा विद्यालय सेक्टर भिलाई के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने शपथ लिया कि वे वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण को भी अपना नैतिक कर्तव्य मानकर धरती को हराभरा बनाने में निरंतर योगदान देते रहेंगे।

**यूनिसेफ ने दी विशेष पुरस्कार**

## दिव्यांग बच्चों पर आधारित विशेष संगीत वीडियों में गायक संजय को किया सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल नई दिल्ली में महत्वपूर्ण पदों पर रहे प्रसिद्ध गायक, संगीतकार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कलाकार संजय सिंह को संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनिसेफ ने विशिष्ट मान्यता प्रमाण पत्र एवं शील्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। संजय सिंह न केवल मुख्यधारा की गायकी में सक्रिय हैं, बल्कि समय-समय पर सामाजिक विषयों पर आधारित गीतों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाते रहे हैं। यूनिसेफ़ द्वारा यह सम्मान उन्हें एक विशेष संगीत वीडियो के लिए प्रदान किया गया, जो दिव्यांग बच्चों पर आधारित है। इस भावनात्मक और प्रेरणादायक वीडियो में प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया है। इसमें संगीत, स्वर एवं निर्देशन खुद संजय सिंह का है। संजय सिंह, सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय, दिल्ली से सेवानिवृत्त होने से पूर्व लगभग 26 वर्षों तक भिलाई स्टील प्लांट में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं।

### टेलीविजन से राष्ट्रीय पहचान तक

संजय सिंह ने सोनी टीवी, जी टीवी और दूरदर्शन जैसे प्रतिष्ठित चैनलों पर प्रसारित कई लोकप्रिय रियलिटी शोज में विजेता बनकर अपनी खास पहचान बनाई है। आईआईटी के पूर्व छात्र होने के साथ-साथ वे भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भी उच्च पदों पर कार्यरत रहे। संजय ने मुंबई एवं वाराणसी के ख्यातिप्राप्त गुरुओं से शास्त्रीय गायन और रिकॉर्डिंग तकनीकों की विधिवत शिक्षा प्राप्त की है। उनके कई गीत प्रसिद्ध संगीत कंपनियों जैसे टी-सीरीज़ द्वारा जारी किए जा चुके हैं।



### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शन

संजय सिंह अब तक 200 से अधिक स्टेज शो भारत और विदेशों में कर चुके हैं। इनमें कृषि मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, तथा राजस्थान, मध्य प्रदेश, और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं।

### संगीत के माध्यम से सामाजिक चेतना

संजय सिंह संगीत की अनेक विधाओं जैसे बॉलीवुड गीत, भजन, ग़ज़ल, देशभक्ति गीत, सूफ़ी संगीत, कबीर वाणी, लोक संगीत एवं पॉप म्यूजिक में दक्षता रखते हैं। उनकी खासियत यह भी है कि वे संगीत को सामाजिक बदलाव का माध्यम मानते हैं। उनके कई संगीत वीडियो में नशा-उन्मूलन, बाल मजदूरी, पर्यावरण संरक्षण, बाल विवाह, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धजनों की देखभाल, दिव्यांग बच्चों की समस्याएं, सड़क दुर्घटनाएँ, तथा रैग-पिकर समुदाय के संघर्ष जैसे गंभीर विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया है। इन दिनों नई दिल्ली में निवासरत संजय सिंह के पास 100 से अधिक स्वयं-रचित एवं स्वयं-गाए गए गीतों का संग्रह है।

**शासकीय महाविद्यालय जामुल में आयोजन**

## विकसित भारत में महिलाओं की अहम भूमिका समानता दिवस पर किया नारा लेखन



**भिलाई।** डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल के महिला प्रकोष्ठ और महिला उत्पीड़न निवारण समिति के द्वारा महिला समानता दिवस के अवसर पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर एस सिंह ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं और पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. रचना चौधरी ने महिला समानता दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा महिला समानता पर नारा लेखन किया गया। जिसमें प्रथम पूनम निषाद, द्वितीय रिया वर्मा, तृतीय देवेंद्र साहू और मिलेश्वरी साहू रही। प्रतियोगिता में निर्णायक गजेंद्र कश्यप और डॉ. संजय परगनिया ने निभाई।

### इस्कान दुर्ग ने धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**भिलाई।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2025 इस्कॉन प्रचार केंद्र दुर्ग अग्रवाल धर्मशाला बैगा पारा दुर्ग आनंद के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा शामिल हुए और भगवान का पंचामृत अभिषेक किया। कार्यक्रम में चित्रकला, रंगोली, केक बनाओ, श्री गोपाल श्रंगार, नृत्य एवं मुख्य आकर्षक में श्री कृष्ण कथा, भक्तिमय नाटक, महाअभिषेक महाआरती एवं सुबह से शाम तक महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी कार्यक्रम में बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग के लगभग 2000 भक्त शामिल थे। कार्यक्रम अनंत श्याम दास के मार्गदर्शन में इस्कॉन के भक्तों द्वारा पूर्ण कराया गया।



**स्पोर्ट्स इवेंट**

## खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, सीखें अनुशासन और टीम वर्क



**भिलाई।** दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पद्मनाभपुर दुर्ग स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित चौथी राज्य स्तरीय कूडो टूर्नामेंट 2025 के समापन समारोह में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह हमें अनुशासन, टीम वर्क और कड़ी मेहनत का महत्व सिखाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कूडो संघ के प्रयासों से कूडो खेल को राज्य में बढ़ावा मिल रहा है और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से राज्य का नाम रोशन हुआ है। ऐसे आयोजनों से खेल को बढ़ावा मिलता है और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता बने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम महापौर अल्का बाघमार, एमआईसी सदस्य शशि साहू, छत्तीसगढ़ कूडो संघ के अध्यक्ष राजा कौशल, छत्तीसगढ़ की कोच लिलिमा सोनी, जैनेंद्र यानीइया सहित काफी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

- चौथी राज्य स्तरीय कूडो टूर्नामेंट 2025 के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान सेक्टर 7 में**

# विश्व बंधुत्व दिवस पर 280 यूनिट किया रक्तदान, मानवता की मिसाल पेश करने राष्ट्रीय महाअभियान में जुड़े हजारों लोग

**भिलाई।** यह तेरा लहू एक अमृत है, चलो करें हम महा पुण्य करके रक्त का दान ऐसे उमंग, उत्साह से भरे गीतों के साथ आज इस्पात और शिक्षा नगरी मिनी इंडिया भिलाई के सेक्टर-7 स्थित राजयोग भवन में विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 280 यूनिट रक्तदान भिलाई राजयोग भवन में डोनेट किया गया। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि की स्मृति में किया गया। जिनकी शिक्षाएं निम्मित, निर्माण और निर्मल वाणी जो कि दादी के जीवन से प्रतीत होती थी, दादी प्रकाशमणि ने विश्व के पांचो महाद्वीपों में भारतीय संस्कृति राजयोग का प्रकाश फैलाया।



### नि:स्वार्थ सेवा करने किया रक्तदान



ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा यह रक्तदान केवल जीवन बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि समाज में मानवता, बंधुत्व और निस्वार्थ सेवा की भावना को सशक्त करने का माध्यम है। आपने वसुधैव कुटुंबकम् की भावना के साथ सभी को इस महाअभियान के रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया। यह राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान समाज को जीवनदान देने के साथ-साथ विश्व बंधुत्व और मानवीय एकता का संदेश भी दे रहा है। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस रक्तदान शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करने का लक्ष्य

राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान की शुरुआत सीएमओ डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर सेक्टर-9 हॉस्पिटल, डॉ. राजेंद्र बीएसबीके अध्यक्ष मनीष गुप्ता और भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी और प्राची द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान काफी संख्या में विद्यार्थी, सीआईएसएफ, बीएसएफ, पुलिस अधिकारी और ब्रह्माकुमारी के सदस्यों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। ब्रह्माकुमारीज और राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के समाज सेवा प्रभाग द्वारा पूरे भारत के 6000 से अधिक सेवाकेंद्रों पर एक लाख यूनिट से अधिक रक्तदान कर इसे गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करने का लक्ष्य है। अतिथियों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी नारी शक्ति द्वारा संचालित यह संगठन, एकता और आध्यात्मिक निस्वार्थ सेवा की शक्ति से असंभव को संभव कर रही है। संस्था से मिली जानकारी के अनुसार सभी ब्रह्मावत्स शुद्ध सात्विक आहार एवं व्यसनमुक्त जीवन जीते हैं। उनके द्वारा प्रदत्त रक्त समाज को शुद्धता, सात्विकता और स्वास्थ्य का संदेश भी प्रदान करेगा।

ज्योतिष

## गणेश चतुर्थी से पहले घर से बाहर कर दें ये चीजें, गणपति बप्पा खुद पधारेंगे घर



गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। मुख्यतौर पर यह उत्सव महाराष्ट्र में बेहद भव्य रूप में देखने को मिलता है। इस दिन लोग अपने घरों और पंडालों में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना करते हैं और दस दिनों तक उनकी विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं। माना जाता है कि इस दौरान गणेश जी की पूजा से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास होता है।

इस वर्ष गणेश चतुर्थी का शुभ पर्व 27 अगस्त, बुधवार को मनाया जाएगा। यह दस दिन बेहद खास होते हैं, जिसके लिए लोगों ने तैयारी करना भी शुरू कर दिया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जिन्हें गणेश चतुर्थी से पहले घर से बाहर निकाल देना चाहिए।

### इन चीजों को घर में न रखें

**टूटी-फूटी या खंडित मूर्ति :** वास्तु शास्त्र में यह बताया गया है कि घर में कभी भी टूटी-फूटी या खंडित मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। इसलिए अधिक पुरानी मूर्तियों को भी घर में रखना शुभ नहीं माना जाता। अगर ऐसी मूर्तियां आपके घर में हैं, तो उन्हें आदरपूर्वक किसी नदी या बहते जल में प्रवाहित कर दें।

**अनावश्यक वस्तु :** गणपति स्थापना से पहले घर की अनावश्यक वस्तुओं को जरूर हटा देना चाहिए। वास्तु के अनुसार बेकार पड़ा सामान घर में नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ा सकता है। इसलिए घर की साफ-सफाई के साथ पुराने और अनावश्यक सामान को भी बाहर निकाल देना चाहिए।

**खराब या रुकी हुई घड़ी :** वास्तु के अनुसार, घर में खराब या रुकी हुई घड़ी रखना अशुभ माना जाता है। इससे घर में दरिद्रता और दुर्भाग्य का वास हो सकता है। यदि आपके घर में कोई घड़ी खराब है तो उसे तुरंत ठीक करवा लें या फिर उसे हटा दें।

**चढ़ाए गए फूल, माला :** गणपति पूजा के लिए बनाए गए स्थल को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए। पूजा के दौरान चढ़ाए गए फूल, माला और पत्ते कई दिनों तक वहीं रखना वास्तु के अनुसार शुभ नहीं माना जाता है। पूजा स्थल की नियमित सफाई करने और उसे पवित्र बनाए रखने से बप्पा की कृपा प्राप्त होती है और पूजा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आती।

## घर में शुभता और समृद्धि लाते हैं ये तीन पुष्प और पौधे



वास्तु के अनुसार कई पुष्पों के पौधे ऐसे बताए गए हैं जो परिवार की तरक्की और सुख-समृद्धि में सहायक होते हैं। इनमें अपराजिता, पारिजात और कमल के पौधे सबसे शुभ माने जाते हैं।

वास्तु शास्त्र में पौधों का विशेष महत्व माना गया है। यह न केवल घर की शोभा बढ़ाते हैं, बल्कि घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। जिस घर में शुभ पौधे लगाए जाते हैं, वहां सौभाग्य, स्वास्थ्य और शांति का वास होता है। वास्तु के अनुसार कई पुष्पों के पौधे ऐसे बताए गए हैं जो परिवार की तरक्की और सुख-समृद्धि में सहायक होते हैं। इनमें अपराजिता, पारिजात और कमल के पौधे सबसे शुभ माने जाते हैं।

**अपराजिता का पौधा :** अपराजिता एक बेलनुमा पौधा है, जिसके नीले और सफेद रंग के फूल आकर्षक लगते हैं। धार्मिक मान्यता है कि यह फूल माता लक्ष्मी को प्रिय है। घर में अपराजिता लगाने से वातावरण में पवित्रता बनी रहती है और नकारात्मकता दूर होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार इसे उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना गया है। इस पौधे से घर के सदस्यों को मानसिक शांति मिलती है और संतान सुख में वृद्धि होती है। अपराजिता का फूल भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को अर्पित करने से धन-संपदा की वृद्धि होती है और घर में कलह-कलेश नहीं रहता।


**पारिजात का पौधा :** पारिजात को हरसिंगार भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार यह पौधा समुद्र मंथन से उत्पन्न हुआ था और इसे स्वर्ग से धरती पर लाया गया। इसके फूल सुबह जमीन पर गिरते हैं, इसलिए इसे 'स्वर्ग का फूल' कहा जाता है। वास्तु शास्त्र कहता है कि यदि इसे आंगन या मुख्य द्वार के पास लगाया जाए तो यह घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और बुरी शक्तियों को दूर करता है। पारिजात के फूल भगवान शिव और विष्णु दोनों को अर्पित किए जाते हैं, जिससे घर में सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि बनी रहती है।

**कमल का पौधा :** कमल शुद्धता और सौंदर्य का प्रतीक है। हिंदू धर्म में देवी लक्ष्मी और भगवान ब्रह्मा दोनों को कमल पर विराजमान बताया गया है। घर में कमल का पौधा लगाने से लक्ष्मी कृपा प्राप्त होती है और धन-धान्य की वृद्धि होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कमल को घर की पूर्व या उत्तर दिशा में लगाना लाभकारी है।

माइग्रेन से पीड़ित हों तो हर एक दिन चुनौतीपूर्ण हो जाता है

# सिर्फ दवाइयां नहीं, ये आदतें बनेंगी माइग्रेन की असली दवा

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में आप कई जिम्मेदारियां निभाती हैं। घर, ऑफिस, बच्चे और रिश्तों के बीच सामंजस्य भी बनाना भी आपका ही काम होता है। ऐसे में आप माइग्रेन से पीड़ित हों तो हर एक दिन चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि माइग्रेन में सिर्फ सिर दर्द नहीं होता, बल्कि यह मतली, थकान और रोशनी या आवाज से संवेदनशीलता भी साथ लाता है। हालांकि विशेषज्ञों के अनुसार, दवाओं और सही जीवन-शैली से इसे नियंत्रित किया जा सकता है।



### सुबह की शुरुआत

दिन की पहली घड़ी पूरे दिन की ऊर्जा को तय करती है, इसलिए रोज तय समय पर उठने की आदत डालें, चाहे छुट्टी ही क्यों न हो। जागते ही तुरंत फोन या स्क्रीन न देखें। कुछ मिनट स्ट्रेचिंग के बाद 10-15 मिनट योग या ध्यान के लिए निकालें। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी जैसे प्राणायाम तनाव कम करके माइग्रेन की तीव्रता को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

### नाश्ता बेहद जरूरी

खाली पेट रहना माइग्रेन को तेजी से ट्रिगर करता है, इसलिए नाश्ते को मिस न करें। पौष्टिक नाश्ते का ही सेवन करें, जैसे- ओट्स, दलिया, फल या मूंग दाल चीला आदि। चाय-कॉफी और एनर्जी ड्रिंक्स से बचें, क्योंकि अधिक कैफीन भी इस सिर दर्द को बढ़ा सकता है।

### स्क्रीन से दोस्ताना दूरी

लगातार स्क्रीन देखना माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है। लेकिन, ऑफिस में लगातार स्क्रीन देखना आपकी मजबूरी है। ऐसे में हर 30 मिनट में 1-2 मिनट के लिए स्क्रीन से नजर हटाएं। आपकी पीठ सीधी रहे, स्क्रीन आंखों के लेवल पर हो और पैर जमीन पर टिके हों।

### सही दिनचर्या और पौष्टिक आहार

राम मनोहर लोहिया अस्पताल, दिल्ली में न्यूरोलॉजी में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. के.एस. आनंद कहते हैं, घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी के बीच माइग्रेन को संभालना आसान नहीं होता, लेकिन सही दिनचर्या, पौष्टिक आहार, पर्याप्त पानी और तनाव को कम करने की आदतें अपनाकर इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि आज का युवा वर्ग दवाइयों पर अधिक निर्भर हो गया है, जबकि वे केवल अस्थायी राहत देती हैं। अगर आप वाकई इस दर्द से राहत चाहती हैं तो अनुशासित जीवन-शैली अपनाएं। काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें, मेडिटेशन करें और थोड़ी देर टहलें। समय पर भोजन करें और अत्यधिक ठंडे पेय या खाद्य पदार्थों से परहेज करें।

### शाम का समय

पूरे दिन की भाग-दौड़ के बीच खुद को रिलेक्स करना जरूरी है। इसलिए हल्की वॉक, बागवानी, पेंटिंग या कोई अन्य काम करें, जो आपको सुकून दे।

### सबसे जरूरी नींद

माइग्रेन के मरीजों के लिए पर्याप्त नींद दवा से कम नहीं है, इसलिए 7–8 घंटे की नींद लें। सोने से पहले स्क्रीन से दूरी बनाएं, कमरे की रोशनी हल्की और माहौल आरामदायक रखें।



## 90 फीसदी से कम ऑक्सीजन लेवल है खतरे की घंटी

शरीर को स्वस्थ रखने, सभी अंगों के कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए हमें निरंतर ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। शरीर में ऑक्सीजन का संचार बाधित होना कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। यही वजह है कि ऑक्सीजन को प्राणवायु भी कहा जाता है। क्या आपने कभी सोचा कि शरीर में अगर ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाए तो इसका सेहत पर क्या असर हो सकता है?

शरीर में ऑक्सीजन का स्तर सामान्य से कम होने को मेडिकल की भाषा में हाइपोक्सीमिया कहा जाता है। ऑक्सीजन हमारे शरीर के लिए वैसी ही है जैसे आग के लिए ईंधन। बिना इसके शरीर का कोई भी अंग काम नहीं कर सकता। सामान्य तौर पर ब्लड ऑक्सीजन लेवल 95% से ऊपर होना चाहिए। अगर यह इससे कम होने लगे तो शरीर कई गंभीर संकेत देने लगता है जिसे बिल्कुल भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगातार ऑक्सीजन का स्तर सामान्य से कम बने रहने से ब्रेन, हार्ट और किडनी जैसे अंगों पर नकारात्मक असर हो सकता है।

### शरीर में ऑक्सीजन की कमी

अब सवाल ये है कि आखिर किन स्थितियों में शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है? श्वसन और फेफड़ों से संबंधित रोगों के विशेषज्ञ डॉ प्रशांत कुमार बताते हैं, कई ऐसी स्थितियां हैं जिसके कारण ऑक्सीजन का स्तर प्रभावित हो सकता है।

फेफड़ों की बीमारियां जैसे अस्थमा, निमोनिया, सीओपीडी की समस्या से परेशान लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है।

इसके अलावा दिल की कमजोरी जिससे खून ठीक से पंप नहीं हो पाता इस वजह से भी कई लोगों में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है।

जिन लोगों में खून की कमी (एनीमिया) की दिक्कत है उनमें सभी अंगों तक ऑक्सीजन ले जाने वाले हीमोग्लोबिन की मात्रा घट जाती है, जिसके कारण भी हाइपोक्सीमिया होने का खतरा बढ़ जाता है।

### ऑक्सीजन लेवल गिरना एक गंभीर संकेत

डॉक्टर कहते हैं, शरीर का ऑक्सीजन लेवल गिरना एक गंभीर संकेत है जो हमें बताता है कि अंदर कहीं न कहीं गड़बड़ी है। अगर इसे समय रहते न समझा जाए तो इससे गंभीर समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। डॉ प्रशांत बताते हैं, हमारे शरीर में ऑक्सीजन लेवल (SpO) फेफड़ों पर सबसे ज्यादा निर्भर करता है। जब हम सांस लेते हैं, तो फेफड़े हवा से ऑक्सीजन लेकर उसे खून तक पहुंचाते हैं। लेकिन अगर फेफड़ों में कोई बीमारी हो तो ये प्रक्रिया बाधित हो जाती है। निमोनिया रोगियों में फेफड़ों की थैली में तरल पदार्थ भर जाता है, जिससे ऑक्सीजन का खून में घुलना मुश्किल हो जाता है।

### इन कारणों को भी जानिए

शरीर का ऑक्सीजन लेवल गिरना कई अन्य कारणों का परिणाम भी हो सकता है इसलिए इसपर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

खून की कमी (एनीमिया) से पीड़ित लोगों में लो ऑक्सीजन की समस्या बहुत आम है। एनीमिया में रक्त के माध्यम से ऑक्सीजन ले जाने वाले हीमोग्लोबिन की मात्रा घट जाती है।

द लैंसेंट मेडिकल जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग अधिक वायु प्रदूषण वाले इलाकों में रहते हैं उनमें भी हाइपोक्सीमिया की दिक्कत अधिक देखी जाती रही है।

स्लीप एपनिया वाले मरीजों में अक्सर ऑक्सीजन लेवल गिरने की समस्या देखी जाती रही है।

## क्या होगा अगर रोज पंपकिन सीड्स खाने लगे महिला-पुरुष दोनों के शरीर में दिखते हैं ये अंतर

हेल्दी रहना है तो नट्स एंड सीड्स को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। पंपकिन सीड्स को डाइट में शामिल करने के बारे में काफी बार सुना होगा। लेकिन, अगर अभी तक आप इस मल्टीन्यूट्रिशन से भरपूर सीड्स को नहीं खाते हैं। तो जरा इसके फायदे जान लें। थायराइड, गट और पीसीओएस जैसी बीमारियों के एक्सपर्ट डॉक्टर एड्रियन ने रोजाना पंपकिन सीड्स को खाने के फायदे के बारे में बताया है। जानें हर रोज अगर कद्दू के बीज खा लिए तो क्या होगा शरीर पर असर।



**हार्मोनल बैलेंस को सपोर्ट करता है :** अगर आप हर दिन एक चम्मच के करीब पंपकिन सीड्स खाते हैं तो हेल्दी हार्मोंस को बैलेंस करके रखने में मदद करेगी। सबसे खास बात कि ये महिला और पुरुष दोनों के लिए एक जैसे ही फायदेमंद है। पंपकिन सीड्स में जिंक, मैग्नीशियम और हैल्दी फैट्स होते हैं जो हार्मोंस को रेगुलट करने में मदद करते हैं।

**वजन को कंट्रोल में रखता है :** पंपकिन सीड्स के एक चम्मच अगर रोजाना खाए जाएं तो ये वजन को मैनेज करने में मदद करता है। दरअसल, पंपकिन सीड्स में फाइबर और नेचुरल फैट होता है। जिसकी वजह से इसे खाने के बाद पेट भरा हुआ महसूस होता है।

**नेचुरल स्लीप में मददगार :** जिन लोगों को रात को नींद नहीं आती उन्हें डाइट में एक चम्मच पंपकिन सीड्स जरूर खाना चाहिए। इसमे मौजूद ट्रीपोटॉफोन और मैग्नीशियम नर्व्स को रिलैक्स करने में मदद करता है। जिससे नींद की क्वालिटी में सुधार होता है।

**डाइजेशन में मदद :** अगर पंपकिन सीड्स की मात्र एक चम्मच मात्रा रोजाना खा ली जाए तो इसमें मौजूद हेल्दी फैट स्टूल को सॉफ्ट करने और फाइबर गट लाइनिंग के साथ ही कब्ज को दूर करने में मदद करता है।

**शरीर को मिलते हैं जरूरी मिनरल्स :** पंपकिन सीड्स में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स ढेर सारे होते हैं। मैग्नीनिशयम, फास्फोरस, जिंक जैसे तत्व होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और साथ ही शरीर में आयरन की कमी को भी दूर करते हैं। जिससे एनर्जी बनी रहती है।

**भिगोकर खाएं पंपकिन सीड्स :** पंपकिन सीड्स के फायदों को लेना चाहते हैं तो इन्हें भिगोकर रख दें उसके बाद खाएं। ऐसा करने से पंपकिन सीड्स में मौजूद पोषक तत्वों के अब्जार्ब्शन के चांस बढ़ जाते हैं।

## गर्भवती महिलाओं के लिए रामबाण है यह फल, पाचन को भी बनाए बलवान

छत्तीसगढ़ में कई ऐसे फल और व्यंजन शामिल हैं, जो न सिर्फ स्वाद के लिए, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इन्हीं में से एक है, कैथ (वुड एप्पल), जिसका स्वाद हल्का खट्टा-मीठा होता है।आमतौर पर इसे नमक और मिर्च पाउडर लगाकर खाया जाता है और यह गर्भवती महिलाओं के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है। माना जाता है कि कैथ फल पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो गर्भवस्था के दौरान शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल्स प्रदान करता है।

### कैथ फल का स्वाद और सेवन का तरीका

कैथ का स्वाद हल्का खट्टा-मीठा होता है, जो इसे खास बनाता है। ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में लोग इसे नमक और मिर्च के साथ खाना पसंद करते हैं। यह स्वाद में लाजवाब होने के साथ-साथ पाचन के लिए भी अच्छा माना जाता है।

### गर्भवती महिलाओं की पहली पसंद क्यों?

कैथ में मौजूद कैल्शियम, आयरन और विटामिन सी जैसे तत्व गर्भवती महिलाओं के लिए फायदेमंद होते हैं। यह ना सिर्फ उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि पेट संबंधी



समस्याओं को भी कम करता है। यही वजह है कि गांवों में इसे गर्भवती महिलाओं को खाने की सलाह दी जाती है।

### स्वास्थ्य लाभ से भरपूर स्थानीय फल

आयुर्वेदिक डॉ. ऊष्मा जांगड़े के अनुसार, कैथ को सुपरफूड माना जा सकता है, क्योंकि इसमें पोषक तत्वों की भरमार होती है। यह शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ गर्मी के मौसम में ठंडक भी प्रदान करता है।विशेषज्ञ मानते हैं कि नियमित सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और पाचन तंत्र मजबूत रहता है।

कार्नर न्यूज

डेंगू-मलेरिया, चिकनगुनिया के कारण अस्पतालों में भारी भीड़ देखी जाती रही

# मच्छरों के कारण हर साल फैलने वाली इन तीन बीमारियों का अब तक नहीं है कोई इलाज

मानसून के महीनों में मच्छरों के कारण होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। भारत में हर साल जुलाई से लेकर सितंबर-अक्तूबर के महीनों में मच्छरजनित बीमारियों जैसे डेंगू-मलेरिया, चिकनगुनिया के कारण अस्पतालों में भारी भीड़ देखी जाती रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों के अनुसार, हर साल दुनियाभर में लाखों लोग सिर्फ मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों के कारण मारे जाते हैं। आश्चर्य की बात ये है कि इनमें से कई बीमारियों का अब तक कोई विशिष्ट इलाज उपलब्ध नहीं है, बल्कि उपचार के तौर पर डॉक्टर सिर्फ लक्षणों को ठीक करने वाले उपायों-दवाओं को प्रयोग में लाते हैं। डेंगू, चिकनगुनिया और जीका ऐसी ही तीन खतरनाक बीमारियां हैं जिनका अभी तक कोई स्थायी इलाज या वैक्सीन नहीं है। यही वजह है कि डॉक्टर सभी लोगों को बचाव के उपायों का पालन करते रहने की सलाह देते हैं।



### डेंगू का खतरा

डेंगू एक वायरल बीमारी है जो एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से फैलती है। दुनियाभर में हर साल लगभग 40 करोड़ लोग डेंगू का शिकार होते हैं। भारत में मानसून के दिनों में और बरसात के बाद यह सबसे ज्यादा फैलता है।

डेंगू के कारण रोगियों को तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे और मांसपेशियों-जोड़ों में दर्द के साथ त्वचा पर लाल चकत्ते हो सकते हैं। गंभीर स्थिति में यह हेमरेजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम का भी कारण बन सकता है। इसमें प्लेटलेट्स की संख्या तेजी से घटने लगती है जो शरीर में अंदरूनी रक्तस्राव का कारण बन सकती है। डेंगू का कोई विशेष इलाज मौजूद नहीं है। इसके उपचार में केवल बुखार कम करने, प्लेटलेट्स को कम होने से बचाने और शरीर में पानी की कमी पूरी करने पर ध्यान दिया जाता है।

### चिकनगुनिया का कई महीनों तक दिखता है असर

डेंगू की तरह चिकनगुनिया भी खतरनाक है और इसका भी कोई पुख्ता इलाज नहीं है। चिकनगुनिया के लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, थकान, त्वचा पर लाल चकत्ते और जोड़ों में दर्द-सूजन शामिल है। यह बीमारी वैसे तो कम जानलेवा होती है, लेकिन इसका सबसे बड़ा खतरा लंबे समय तक दर्द और कमजोरी बने रहना है। कई मरीज महीनों तक चलने-फिरने में असमर्थ रहते हैं। चिकनगुनिया का भी कोई सीधा इलाज या बचाव के लिए वैक्सीन नहीं है। मरीजों को आराम करने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और पौष्टिक आहार लेने के साथ दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल दी जाती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मच्छरों से होने वाली तमाम बीमारियां हर साल लोगों के परेशान करती हैं। डेंगू में प्लेटलेट्स तेजी से घटने लगता है जो गंभीर स्थितियों में जानलेवा भी हो सकता है। चिकनगुनिया महीनों तक जोड़ों में दर्द देता रहता है वहीं जीका वायरस गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए आजीवन खतरा बन सकता है। यानी ये सिर्फ बीमारी नहीं, बल्कि गंभीर चिंता का कारण भी हैं।

### बचाव ही कारगर तरीका

डॉक्टर बताते हैं, इन तीनों बीमारियों से बचाव ही एकमात्र कारगर तरीका है। इसके लिए मच्छरदानी का प्रयोग, पूरी बाजू के कपड़े पहनना और घर के आसपास पानी जमा न होने देना सबसे जरूरी है।

### जीका वायरस का देखा जाता रहा है प्रकोप

जीका वायरस के प्रकोप की खबरें आप भी सुनते रहे होंगे। ये एडीज मच्छर से फैलता है। सामान्यत; इस रोग के कारण हल्का बुखार, आंखों में लालिमा (कंजक्टिवाइटिस), सिरदर्द, त्वचा पर लाल दाने और जोड़ों में दर्द की समस्या देखी जाती है। हालांकि ये गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए खतरनाक हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती हैं कि अगर गर्भवती महिला को जीका वायरस हो जाए तो बच्चे में माइक्रोसिफली जैसी गंभीर स्थिति हो सकती है, जिसमें बच्चे का सिर और दिमाग पूरी तरह विकसित नहीं हो पाता। जीका का भी कोई विशेष इलाज या वैक्सीन नहीं है। मरीज को सिर्फ लक्षणों को कम करने वाली दवाइयां, आराम और पर्याप्त तरल पदार्थ लेने की सलाह दी जाती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## शूटिंग के दौरान सेट पर गिरे डिएगो बोरेला असिस्टेंट डायरेक्टर का हार्ट अटैक से निधन



लिली कॉलिन्स स्टारर मशहूर वेब सीरीज एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन इन दिनों इटली में शूट किया जा रहा है, लेकिन इसी बीच सेट से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। दरअसल शो से जुड़े असिस्टेंट डायरेक्टर डिएगो बोरेला का अचानक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि 47 वर्षीय बोरेला वेनिस के एक होटल में चल रही शूटिंग के दौरान अचानक गिर पड़े और उन्हें बचाया नहीं जा सका। यह हादसा वेनिस के ऐतिहासिक होटल डैनिएली में हुआ, जहां टीम फाइनल सीक्वेंस की तैयारी कर रही थी। पीपल मैगजीन की खबर के मुताबिक चश्मदीदों के अनुसार बोरेला अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। स्थानीय चिकित्सक ने बाद में पुष्टि की कि उनकी मौत सडन हार्ट अटैक से हुई। इस घटना के बाद शो की शूटिंग को रोक दिया गया है। मेकर्स की ओर से अब तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन पूरी टीम गहरे सदमे में है। सीरीज की लीड एक्ट्रेस लिली कॉलिन्स और दूसरे कलाकारों की ओर से भी अभी कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि महज कुछ दिन पहले ही नेटफ्लिक्स ने 'एमिली इन पेरिस' सीजन 5 का फर्स्ट-लुक जारी किया था, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित थे। लिली कॉलिन्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'इटली में एमिली की जर्नी जारी रहेगी और इस बार कहानी रोम और वेनिस की खूबसूरती के बीच आगे बढ़ेगी।'

### टॉलीवुड

## सोनाक्षी की साउथ फिल्म जटाधरा का हिस्सा बनीं दिव्या खोसला



साउथ फिल्में अब पैन इंडिया के लिए बन रही हैं। जल्द ही साउथ के नामी कलाकारों के साथ जटाधरा फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा दिव्या खोसला भी नजर आएंगी। मेकर्स ने दिव्या के लुक का एक पोस्टर शेयर किया है। साथ ही उनके किरदार के नाम की जानकारी भी दी है। जटाधरा फिल्म में मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें दिव्या साड़ी पहने नजर आ रही हैं। साथ ही पोस्टर पर उनके किरदार का नाम सितारा लिखा है। वह पोस्टर में कहीं खोई सी नजर आ रही हैं। इस फिल्म में साउथ एक्टर सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। वह एक शिव भक्त का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं। साउथ फिल्म 'जटाधरा' का टीजर भी हाल ही में रिलीज हुआ। इसमें सोनाक्षी सिन्हा का लुक काफी चर्चा में बना रहा। फिल्म के टीजर में वह रौद्र अवतार में देखीं। सोनाक्षी जो किरदार फिल्म में निभा रही हैं, वह हटकर है। टीजर में इस किरदार के माथे पर लाल तिलक नजर आया, भारी-भरकम गहने पहने और हाथ में तलवार लिए वह दिख रही हैं। साथ ही वह क्रोध में अपने दुश्मनों पर हमला करती नजर आ रही हैं। फिल्म जटाधरा एक पौराणिक कहानी पर आधारित है।

### भोजपुरी

## रानी चटर्जी ने शेयर किया 'सास बहू चली स्वर्गलोक' का वीडियो



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अदाकारा रानी चटर्जी हमेशा अपने अभिनय और अलग अंदाज के लिए चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'सास बहु चली स्वर्गलोक' की शूटिंग के दौरान का एक मजेदार बीटीएस यानी 'बिहाइंड द सीन्स' वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। यह वीडियो देखने में जितना मजेदार है, उतनी ही दिलचस्प इसमें दिख रही पर्दे के पीछे की मेहनत और मस्ती है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में रानी चटर्जी शुरुआत में बताती है, 'मैं शूट कर रही हूं अर्थी का सीन... जिसमें मैं मर गई हूं।' इसके बाद वह सुहागन बन सुर्ख लाल जोड़े में अर्थी पर लेटी हुई नजर आती हैं और आसपास फिल्म की टीम मौजूद है। वीडियो में आगे रानी कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती हैं और मजाक करने लगती हैं, जिससे पूरा माहौल मजेदार हो जाता है। रानी वीडियो में कहती हैं, 'मैं ऐसा सीन दूसरी बार कर रही हूं। इससे पहले मैंने फिल्म मैं प्रेम की दीवानी में ऐसा सीन किया था।' वहीं वह चिलचिलाती गर्मी से परेशान होती भी नजर आई। वह वीडियो में कहती हुई दिखती है कि गर्मी बहुत ज्यादा है। इस दौरान सेट पर मौजूद टीम का एक मेंबर रानी को पोर्टेबल फैन से हवा देने लगता है ताकि उन्हें कुछ राहत मिले। इस बीच पीछे से किसी की आवाज आती है- 'डेड बॉडी को हवा दी जा रही है।' यह सुनकर रानी और आसपास की टीम हंसने लगते हैं। वीडियो में न सिर्फ रानी बल्कि फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। कोई कैमरे के पीछे है, तो कोई सीन की तैयारी कर रहा है। रानी ने इस वीडियो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सास बहू चली स्वर्गलोक' देखने में जितना मजा आया, उससे कई गुना ज्यादा मजा शूट करने में आया।

---

लाइफ स्टाइल

## गुलाबो रानी बन छाईं अनन्या

स्टाइल और ठाठ दिखाने की बात आए तो अनन्या सबको पीछे छोड़ देती हैं। उनके कपड़ों से लेकर बैग तक, एक- एक चीज सुपर एक्सपेंसिव होती है। पुनीत बालाना की 10वीं एनीवर्सरी पर वो शोस्टॉपर बनीं, तो लोग उनका कॉन्फिडेंस देखते रह गए। अनन्या ने जो लहंगा पहना वो भी काफी सुंदर दिखा। पेस्टल और लाइट शेड की जगह एक्ट्रेस फोटोज में गुलाबी रंग का लहंगा पहनी दिखीं। जिससे उनका लुक अट्रैक्टिव और वाइब्रेंट बना। चांदी से बना लहंगा पहनी अनन्या की तस्वीरों में सुहाना मौसम, बैकग्राउंड में मोर और साथ में उनकी खूबसूरती देख फैंस इंप्रेस हो गए हैं।




## इन स्किन केयर ट्रीटमेंट से जितना हो सके रहना चाहिए दूर

स्किन केयर आजकल हर किसी की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन हर चमकदार पैकेजिंग या क्लिनिक ट्रीटमेंट आपकी त्वचा के लिए सही नहीं होता। कई बार हम जल्द निखार और ग्लो के चक्कर में ऐसे ट्रीटमेंट्स करवा बैठते हैं जो कुछ समय बाद साइड इफेक्ट्स, त्वचा की प्राकृतिक बनावट में बदलाव, या यहां तक कि स्थायी नुकसान तक पहुंचा सकते हैं।

अगर आप सच में नेचुरल ग्लो और हेल्दी स्किन चाहती हैं, तो आपको यह जानना जरूरी है कि कौन-से स्किन केयर ट्रीटमेंट्स से दूरी बनाना ही बेहतर है। इस लेख में हम ऐसे कुछ आम लेकिन नुकसानदेह ट्रीटमेंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिनसे बचना आपकी स्किन के लिए फायदेमंद रहेगा।

**फेयरनेस ट्रीटमेंट :** यदि आपको ऐसा लगता है कि फेयरनेस ट्रीटमेंट से आपकी स्किन का रंग गोरा हो जाएगा, तो ये आपकी गलतफहमी है। कभी भी कोई भी स्किन केयर ट्रीटमेंट आपके रंग



को गोरा नहीं कर सकता। यदि कोई पार्लर ऐसा दावा कर रहा है तो उसके बहकावे में आकर अपना समय और पैसा बर्बाद न करें। इस तरह की ट्रीटमेंट में कई बार काफी हैवी केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं।

**अनप्रोफेशनल जगह से लेजर ट्रीटमेंट :** आजकल महिलाएं शरीर से अनचाहे बालों को हटाने के लिए लेजर ट्रीटमेंट का सहारा लेती हैं। यदि आप भी ऐसा कुछ प्लान कर रही हैं तो उसके लिए क्लीनिक का चयन सोच-समझ के करें, क्योंकि हर क्लिनिक में कराया गया लेजर ट्रीटमेंट सेफ नहीं होता।

### बार-बार ब्लीच करवाना

त्वचा की टैनिंग हटाने के लिए बहुत से लोग ब्लीच का इस्तेमाल करते हैं। जबकि बार-बार ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि ब्लीच से स्किन की ऊपरी लेयर को नुकसान पहुंच सकता है और यह समय से पहले एजिंग बढ़ा सकता है। कई बार तो बार-बार ब्लीच के इस्तेमाल से त्वचा की परत अपने आप ही पतली होने लगती है, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

### ग्लूटाथियोन इंजेक्शन

इस इंजेक्शन का इस्तेमाल स्किन टोन बदलने से लेकर एजिंग के लक्षणों को छिपाने तक के लिए किया जाता है। भले ही ये ट्रीटमेंट स्किन टोन को बदलने का दावा करते हैं, लेकिन इनके साइड इफेक्ट्स किडनी और लिवर तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए जितना हो सके, ऐसे इंजेक्शन से दूर ही रहें।

---

## क्या है ये को-ऑर्ड सेट, जो लड़कियों ही नहीं, लड़कों में भी पॉपुलर!

फैशन



फैशन की दुनिया में हर साल नए-नए ट्रेंड आते हैं और कुछ तो लंबे समय तक टिक जाते हैं। आजकल ऐसा ही एक ट्रेंड लोगों की पहली पसंद बन चुका है और वो है Co-ord Set. अगर आप सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं तो आपने जरूर देखा होगा कि बॉलीवुड से लेकर इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स तक, हर कोई इस स्टाइल को अपना रहा है। पहले ये सेट सिर्फ लड़कियों में ही पॉपुलर थे, लेकिन अब लड़के भी इसे बड़े स्टाइल के साथ पहन रहे हैं।

**को-ऑर्ड सेट आखिर है क्या :** को-ऑर्ड सेट का मतलब है ऐसे कपड़े जो एक-दूसरे से मैच करते हों. इसमें टॉप और बॉटम एक ही फैब्रिक, पैटर्न या कलर में होते हैं, जिससे लुक एकदम यूनिक और सिंक में दिखाई देता है। इन दिनों मार्केट में ढेर सारे डिजाइनर और ब्रांड्स स्टाइलिश को-ऑर्ड सेट लेकर आ रहे हैं जो कैजुअल, पार्टी, ऑफिस और ट्रैवल हर मौके के लिए परफेक्ट हैं।

**लड़कियों के बीच क्यों है फेमस :** लड़कियों को को-ऑर्ड सेट इसलिए पसंद आ रहे हैं क्योंकि इन्हें कैरी करना बहुत आसान है। ना तो मैचिंग की टेंशन और ना ही ज्यादा समय लगता है। स्टाइलिश प्रिंट्स, पेस्टल कलर्स और क्रॉप टॉप के साथ पैंट या स्कर्ट वाली स्टाइल इन्हें और भी ट्रेंडी बना देती है। खासकर कॉलेज गोइंग गर्ल्स और वर्किंग वुमेन इसे अपनी वार्डरोब में जरूर शामिल कर रही हैं।

**लड़कों के लिए नया स्टाइल आइकन :** अब लड़कों में भी को-ऑर्ड सेट का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। रिलैक्स्ड शर्ट और शॉर्ट्स या फिर पैंट्स के साथ मैचिंग जैकेट वाले सेट लड़कों के लिए एकदम मॉडर्न और कूल स्टाइल स्टेटमेंट बन चुके हैं। यही वजह है कि बॉलीवुड एक्टर्स और मॉडल्स अक्सर एयरपोर्ट लुक या कैजुअल पार्टी में को-ऑर्ड सेट्स पहनते नजर आते हैं।

**हर मौके पर परफेक्ट :** को-ऑर्ड सेट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह हर मौके के लिए काम आता है। पार्टी, जिम, ट्रैवल – हर जगह के लिए अलग-अलग डिजाइन और फैब्रिक में ये सेट उपलब्ध हैं। सिंपल कॉटन सेट जहां समर के लिए परफेक्ट हैं, वहीं साटन या सिल्क वाले सेट पार्टी के लिए बेस्ट रहते हैं।

**क्यों बन रहा है फैशन ट्रेंड :** को-ऑर्ड सेट्स को लेकर फैशन एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ये ट्रेंड इतना पॉपुलर इसलिए हुआ, क्योंकि इसमें कम मेहनत में ज्यादा स्टाइलिश दिखा जा सकता है। ये यूनिसेक्स ट्रेंड है यानी लड़के और लड़कियां दोनों इसे पहन सकते हैं। यही वजह है कि इंटरनेशनल ब्रांड्स से लेकर इंडियन डिजाइनर्स तक इस पर जोर दे रहे हैं।

---

## प्लाजो-सूट के ये फैंसी डिजाइन, डेली वियर से लेकर स्पेशल मौकों के लिए हैं

हम आपके लिए प्लाजो सूट के कुछ लेटेस्ट, फैंसी और ट्रेंडी डिजाइन ले कर आए हैं। सूट की शॉपिंग से ले कर स्टिचिंग तक, यहां से आप आइडियाज ले सकती हैं।

### प्लाजो सूट के फैंसी डिजाइन

प्लाजो सूट आजकल लड़कियों का फेवरिट एथनिक आउटफिट बन गया है। सिंपल सा कारण ये है कि प्लाजो देखने में जितने स्टाइलिश लगते हैं, पहनने में उतने ही कंफर्टेबल भी रहते हैं। ज्यादातर महिलाएं डेली वियर के लिए भी आजकल प्लाजो स्टिच कराना ही पसंद करती हैं। यहां हम आपके लिए प्लाजो सूट के कुछ लेटेस्ट, फैंसी और ट्रेंडी डिजाइन ले कर आए हैं। सूट की शॉपिंग से ले कर स्टिचिंग तक, यहां से आप आइडियाज ले सकती हैं।



### पेस्टल शेड में लें सूट

आजकल पेस्टल शेड्स ट्रेंड में हैं और ये काफी क्लासी भी लगते हैं। ऐसे में आप पेस्टल शेड के सूट की शॉपिंग कर सकती हैं। ये सॉफ्ट पीच पिंक कलर भी काफी प्यारा लगेगा। ये सूट आप कहीं बाहर जाने में पहन सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट सूट

फ्लोरल प्रिंट काफी ट्रेंडी है। खासतौर से समर्स के लिए पेस्टल शेड और फ्लोरल प्रिंट का कॉम्बिनेशन जबरदस्त रहेगा। इसका प्लाजो भी काफी घेरदार है और सिंपल भी है, ताकि लुक ओवर ना हो। ऐसे सूट डेली वियर से ले कर खास मौके पर पहनने के लिए परफेक्ट रहते हैं।

---

## साड़ी के साथ बनाएं ये 5 हेयरस्टाइल तारीफ करते नहीं थकेंगे पतिदेव

हरतालिका तीज का त्यौहार सुहागिनों के लिए बड़ा ही खास होता है। करवाचौथ की तरह इस दिन भी महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। जाहिर है इस दिन खूब सजना-संवरना भी होता है। अब सुंदर सी साड़ी तो आपने पहन ली, मेकअप भी कर लिया और मैचिंग ज्वैलरी भी पहन ली। लेकिन लुक तक तक फीका लगेगा, जब तक आप सही हेयरस्टाइल नहीं बनाएंगी। यहीं ज्यादातर महिलाओं को परेशानी भी होती है कि भला साड़ी के साथ कौन सा हेयरस्टाइल बनाएं। आपकी इसी समस्या को दूर करने के लिए हम लाएं हैं कुछ ट्रेंडिंग हेयरस्टाइल आइडियाज। ये आसानी से बन भी जाएंगे और देखने में बेहद सुंदर भी लगेंगे।



**गोटा पट्टी ब्रेड :** एक हेयरस्टाइल जो इन दिनों खूब ट्रेंड कर रहा है, वो है गोटा पट्टी वाली ब्रेड। वेडिंग सीजन में इस बार ये हेयरस्टाइल खूब छाया रहा। लहंगा, साड़ी हो या सूट ये हर ट्रेडिशनल वियर के साथ काफी फैंसी लगता है। बेस्ट बात है कि इसे बनाना भी आसान है।

**साइड ब्रेड बनाएं :** बालों को खुला रखना चाहती हैं, तो टॉप सेक्शन ले कर एक ब्रेड बना सकती हैं। बाकी बालों को यूं ही ओपन छोड़ दें। ये बहुत ही कम समय में और आसानी से बनाने वाला हेयरस्टाइल है। देखने में भी ये बेहद सुंदर लगता है। आप चाहें तो बालों को सॉफ्ट कर्ल भी कर सकती हैं। आगे से कुछ फ्लिक्स निकाल लें, बहुत ही खूबसूरत लुक आएगा।

**मेसी ब्रेड :** मेसी ब्रेड भी देखने में काफी सुंदर लगेगी। अगर आपके बाल हल्के हैं, तो ये हेयरस्टाइल उन्हें हेवी लुक देगा। मेसी ब्रेड बनाने के लिए बालों को बैक कॉम्ब करें ताकि एक टेक्सचर क्रिएट हो। ब्रेड आपको एकदम लूज बनानी है और बनने के बाद बालों को धीरे धीरे खींचकर एक मेसी और वॉल्यूम लुक देना है। लास्ट में थोड़ा सा हेयर स्प्रे या टेक्सचर स्प्रे मार कर, लुक को कंप्लीट करें।

**फूलों वाला बन :** बन हेयरस्टाइल पसंद करती हैं, तो ये फूलों वाला सुंदर हेयरस्टाइल ट्राई कर सकती हैं। तीज के मौके पर ये परफेक्ट रहेगा। आप अपनी पसंद के हिसाब से थोड़ा मेसी बन बना सकती हैं, या फिर स्लीक बन भी काफी अच्छा लगेगा।

---

कार्नर न्यूज

**श्रृंगार न सिर्फ सुहाग का प्रतीक हैं, बल्कि सौंदर्य और शुभता भी बढ़ाते हैं**

## तीज पर 16 श्रृंगार क्यों करती हैं सुहागिन महिलाएं! जानें इस दिन क्या-क्या पहनें

हरतालिका तीज 26 अगस्त को मनाई जाएगी। हरतालिका तीज का त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास माना जाता है। इस दिन मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा कर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा जाता है। मान्यता है कि इस मौके पर महिलाएं 16 श्रृंगार करने के बाद ही पूजा करती हैं। माना जाता है कि ये श्रृंगार न सिर्फ सुहाग का प्रतीक हैं, बल्कि सौंदर्य और शुभता भी बढ़ाते हैं। अगर आप पहली बार हरतालिका तीज मना रही हैं, तो जान लें सोलह श्रृंगार में कौन-कौन सी चीजें आती हैं और इनका क्या महत्व है।



### बिंदी और सिंदूर

माथे की बिंदी सिर्फ खूबसूरती नहीं बढ़ाती, बल्कि इसे आज्ञा चक्र पर लगाया जाता है, जिससे ध्यान और फोकस बेहतर होता है। वहीं सिंदूर, सुहाग और लंबी उम्र का प्रतीक है।इसे लगाने से माता पार्वती का आशीर्वाद मिलता है।

### काजल और मेहंदी

काजल आंखों को सजाने के साथ-साथ नजर दोष से भी बचाता है। पुराने जमाने में इसे घर पर बादाम से बनाते थे, जिससे आंखें स्वस्थ रहती थीं। वहीं, मेहंदी हाथों को ठंडक देती है और प्यार व सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती है।

### चूड़ियां और कुमकुम

रंग-बिरंगी चूड़ियों की खनक घर में पॉजिटिव एनर्जी फैलाती है। कुमकुम माथे पर लगाने से आध्यात्मिक शक्ति और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं।

### गजरा और मांग टीका

फूलों का गजरा न सिर्फ खूशबू फैलाता है, बल्कि मन को भी खुश कर देता है। मांग टीका माथे पर पहनने से एनर्जी बैलेंस रहती है और महिला ज्यादा आत्मविश्वासी महसूस करती है।

### नथ और झुमके

नथ पहनने के पीछे सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि सेहत से जुड़ी मान्यताएं भी हैं। कहा जाता है कि इससे महिलाओं का प्रजनन स्वास्थ्य अच्छा रहता है। वहीं, झुमके कान के एक्यूप्रेशर प्वॉइंट्स को एक्टिवेट करते हैं, जिससे शरीर हेल्दी रहता है।



### बाजूबंद, पायल और बिछिया

ये तीनों गहने सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि हेल्थ से भी जुड़े हैं। पायल और बिछिया पैरों के एक्यूप्रेशर प्वॉइंट्स को दबाते हैं, जिससे ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है।बाजूबंद हाथों की शोभा बढ़ाने के साथ ऊर्जा भी बढ़ाता है।

### आल्ता और इत्र

पैरों में लगाया जाने वाला आल्ता शुभता और सुंदरता दोनों का प्रतीक है। वहीं इत्र तन-मन को ताजगी और सुकून से भर देता है।

### आखिर क्यों जरूरी है 16 श्रृंगार?

दरअसल, सोलह श्रृंगार सिर्फ बाहरी सजावट नहीं है, बल्कि ये महिला की पूरी ऊर्जा, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाता है। हरतालिका तीज पर इसे करने का मतलब है देवी पार्वती की तरह सौभाग्यशाली और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करना।